4 रायपुर संभाग
आदर्श शिक्षक सत्यप्रकाश सतपथी सम्मान समारोह में...

6 अभिमत
वाहनों से प्रदूषण दिल्लीवासियों का संकट

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
आदिवासी बच्चों को तीरंदाजी खेल में अपनी हुनर दिखाने...

10 संस्कारधानी
समितियों में बफर लिमिट से दोगुना धान... खरीदी के 9...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 28 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-97 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अडानी को गिरफ्तारी से बचा रही है मोदी सरकार : राहुल



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उद्योगपति अडानी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है। गांधी ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा जाहिर है, अडानी उन पर लगे आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जैसा कि हम कह रहे हैं। उन्होंने कहा सैकड़ों लोगों को मामूली आरोपों के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है। अडानी पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप लगाया गया है। उन्हें जेल में होना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है।

### सुको ने गवाहों को धमकाने के आरोपों पर आशीष मिश्रा से किया जवाब-तलब



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 2021 के हिंसा मामले के आरोपियों में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को गवाहों को धमकाने के आरोप पर चार सप्ताह में अपना जवाब देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने शिकायतकर्ताओं में से एक का पक्ष रख रहे वकील ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उन्होंने मिश्रा द्वारा गवाहों को धमकाने का दावा करते हुए याचिका दायर की थी। इस पर पीठ आरोपी आशीष के अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा।

### सेना प्रमुख ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री की चार बटालियनों को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री सेंटर एंड स्कूल, अहिल्यानगर में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री की चार बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया। राष्ट्र के प्रति इन बटालियनों की अनुकरणीय और सराहनीय सेवा को इस कार्यक्रम में मान्यता दी गई। राष्ट्रपति ध्वज मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की 26वीं और 27वीं बटालियनों और ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स की 20वीं और 22वीं बटालियनों को प्रदान किए गए। यह इन युवा बटालियनों के लिए गौरव का क्षण था। इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, सैन्य कर्मियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि इसे समझे और इसका पालन करें : रमेन डेका

## संविधान दिवस के अवसर पर श्री बालाजी हॉस्पिटल समूह द्वारा आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



हमारा संविधान दुनिया का सबसे सुंदर संविधान है। दुनिया के 60 देशों के संविधान का अध्ययन कर हमारे संविधान का निर्माण हुआ है। संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि इसे समझे और इसका पालन करें। यह उद्गार राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किया। श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस रायपुर द्वारा आयोजित संगोष्ठी में राज्यपाल डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। डेका ने संगोष्ठी में भारत के संविधान के संबंध में अपने प्रासंगिक विचार रखे। उन्होंने संविधान की विभिन्न धाराओं के तहत उल्लेखित नियमों का जिक्र किया। राज्यपाल ने कहा कि बीते 75 वर्षो की यात्रा में बहुत चुनौतियां रही, इसलिए समय-समय पर संविधान में कई संशोधन किए गए जो देश की बदलती जरूरतों के अनुसार आवश्यक थे। किन्तु इन परिवर्तनों के बावजूद संविधान की मूलभावना, समानता, स्वतंत्रता और न्याय अक्षुण्ण रही। यह हमारे संविधान की अद्वितीय विशेषता है कि यह स्थिरता और लचीलापन दोनों का संतुलन बनाए रखता है। राज्यपाल ने कहा कि भाषण की स्वतंत्रता हमारे संविधान ने हमें दी है। लोकतंत्र में राजनीति का बहुत महत्व है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संविधान में प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी करना चाहिए। महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और सही निर्णय लेने की क्षमता तथा ज्ञान होना आवश्यक है जिससे महिलाएं सशक्त होंगी।

संगोष्ठी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद देश आजाद हुआ और संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा बनाई गई। सभा के 284 सदस्यों ने संविधान के प्रारूप का अनुमोदन किया फिर 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया। मूल संविधान अंग्रेजी में था, छत्तीसगढ़ के घनश्याम दास गुप्ता के नेतृत्व में उसका हिन्दी अनुवाद हुआ। यह हमारे लिए गर्व की बात है। साव ने कहा कि आज भारत दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है इसका मूल कारण हमारा संविधान ही है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता 'हमारा संविधान भाव एवं रेखांकन' तथा 'संविधान की जन्म कथा' पुस्तकों के लेखक लक्ष्मीनारायण भाला ने संविधान निर्माण के इतिहास को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने के सरकार के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता धनीराम पटेल ने दिया। वहीं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री पवन साय, संघ के वरिष्ठ प्रचारक लक्ष्मीनारायण भाला, बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल, श्रीबालाजी ग्रुप के प्रेरणास्त्रोत आर.के. नायक, ग्रुप के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर डॉ. वीरेन्द्र पटेल, डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डायरेक्टर तेजस नायक, डायरेक्टर डॉ. पुष्पेन्द्र नायक, डीन डॉ. माणिक चटर्जी, पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल एवं संपादक एएन द्विवेदी, सीईओ हिमांशु साहु, भोजेन्द्र पटेल, डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ. राम समेत काफी संख्या में अधिकारीगण, प्रबुद्धजन तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। ➢ विस्तृत पेज 12 पर

## महाकुंभ से पहले पीएम मोदी 13 दिसंबर को गंगा पूजन करेंगे

पायनियर संवाददाता < प्रयागराज
www.dailypioneer.com



संगम नगरी प्रयागराज में अगले साल शुरु होने वाले महाकुंभ से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को गंगा पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज आएंगे और मां गंगा का पूजन करेंगे। उन्होने निर्देश दिए कि गंगा को पूरी तरह स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए जनसहयोग को प्राथमिकता दी जाए। महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुम्भ के महत्व को वैश्विक स्तर पर प्रचारित किया जाए। हर वर्ग के लोगों को महाकुम्भ से जोड़ा जाए, ताकि यह आयोजन 'ग्रीन प्रयागराज-ग्रीन महाकुम्भ' के लक्ष्य के साथ विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़े।

## दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाने में योगदान दें : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि हम सब मिलकर सफ़ाई कर्मियों को सम्मान दें और अपनी दिल्ली को साफ़-स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। केजरीवाल अपने इलाके के सफाई कर्मचारियों को आवास पर मुकाकात के दौरान उनके योगदान की सराहना की और उनकी ज़िंदगी को और आसान बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मेहनत का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। दिल्ली की जनता से अपील है कि आप सब भी अपने घर के आसपास के सफ़ाईकर्मी को छुट्टी वाले दिन अपने घर चाय पर बुलाएं।

## संपादकीय नियंत्रण नहीं होने से बेलगाम है सोशल मीडिया : वैष्णव

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने वाले मौजूदा कानूनों को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता है। वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल में इस विषय पर भाजपा के अरुण गोविल के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के युग में रह रहे हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रेस के पारंपरिक रूप जो कभी जवाबदेही और सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संपादकीय जांच एवं नियंत्रण पर निर्भर थे, समय के साथ अब इसमें कमी आई है।

# हेमंत सोरेन आज चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा चुनाव जीत के बाद आज चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार 28 नवंबर की शाम चार बजे रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह गठबंधन की एकजुटता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की गई है। इस समारोह में कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे, जिनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, एनसीपी पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड कोंगकल संगमा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुखू, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र उद्धव ठाकरे, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री डीके शिवाकुमार, तमिलानडू के पूर्व उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मासस के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नवीन पटनायक, कपिल सिब्बल के अलावा और भी कई नाम शामिल है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जगह-जगह होर्डिग लगाये जा रहे है। झामुमो नेता और कांग्रेस नेताओं में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह से सजाया गया है।

## शिंदे ने मुख्यमंत्री का फैसला मोदी और शाह पर छोड़ा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर महायुति में रस्साकस्सी के तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि वह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ हैं और मुख्यमंत्री के बारे में वह जो भी फैसला करेंगे उन्हें मंजूर है। शिंदे ने बुधवार को यहां ठाणे में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी और उनकी तरफसे सरकार के गठन में कोई बाधा नहीं है और वह मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पूरी तरह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ हैं। शिंदे ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को टेलीफ ोन करअपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है और कहा है कि वह मुख्यमंत्री को लेकर जो भी फैसला करेंगे वह उन्हें मंजूर है। शिंदे के इस बयान के बाद राज्य में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर सभी अटकलबाजियों पर विराम लग गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार) के प्रमुख अजीत पवार पहले ही राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री बनाये जाने का समर्थन कर चुके हैं और अब शिंदे के समर्थन से महाराष्ट्र में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रिपोर्टों के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस , शिंदे और पवार के गुरूवार को दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मिलने का कार्यक्रम है।

## अब तक 13.48 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 13.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 2.89 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 2649 करोड़ 11 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफवर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 27 नवम्बर को 46285 किसानों से 2.07 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 52360 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 50 हजार से अधिक टोकन जारी किए गए हैं।

## प्रियंका गांधी आज लेंगी संसद की सदस्यता की शपथ

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी। वाड्रा के साथ ही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे। इससे पहले वायनाड के नेताओं ने बुधवार को वाड्रा को वायनाड संसदीय उपचुनाव का निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी उपस्थिति रहे। वाड्रा ने वायनाड के लोगों का जबरदस्त समर्थन कर उन पर विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## भारत-फ्रांस सहयोग विश्व की खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर सकता है : पीयूष गोयल

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत और फ्रांस कृषि और खाद्य प्रसंस्करण का विस्तार के लिए परस्पर सहयोग और उत्पादन के नए-नए स्वस्थ तरीकों का इस्तेमाल करके विश्व की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। गोयल ने यहां में फ्रांसीसी विदेश व्यापार सलाहकारों की ओर से आयोजित एशिया प्रशांत आयोग (एपीएसी) 2024 फोरम की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वस्थ प्रथाओं का इस्तेमाल जलवायु परिवर्तन और दुनिया भर में इसके उभरते प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में सहायक हो सकता है।

### खाद्य मंत्री बघेल के नेतृत्व में सतनामी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## मुख्यमंत्री साय को राज्य स्तरीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता के लिए मिला न्योता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के पंथी नर्तक दल हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के नेतृत्व में सतनामी समाज प्रमुखों के दल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में भेंट कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने साय ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए जयंती कार्यक्रम में शिरकत करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि परम पूज्य गुरूघासी दास बाबा जी के 268 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी माह दिसंबर में जयंती मनाने राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सभी समाज के लोगों से आपसी प्रेम और सौहाद्रपूर्ण वातावरण में इस आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। देश के विभिन्न राज्यों के पंथी नर्तक दलों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा रहा है। आयोजन में सहयोग देने वाले सभी समाज के लोगों को सम्मानित करने की भी योजना है। इस मौके पर प्रतियोगिता का स्वरूप, एवं आयोजन समिति, सुरक्षा समिति सहित अन्य व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर गुरु अगमदास तेलासिपुरी धाम, पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, पद्मश्री उषा बारले सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि शामिल थे। देश-विदेश में मशहूर है छत्तीसगढ़ का पंथी नृत्य। यह छत्तीसगढ़ के सतनामी समुदाय का पारंपरिक नृत्य है। इस नृत्य में बाबा गुरूघासीदास जी के संदेशों को गीतों और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। यह वस्तुतः एक धार्मिक और आध्यात्मिक नृत्य है। यह नृत्य सामूहिक अराधना की तरह है। इस नृत्य की विशेषता मांदर की थाप और मंजीरे की झांझ में तेज गति से नर्तक नृत्य प्रस्तुत करते है। तेज गति से प्रस्तुत किए जाने वाले इस नृत्य से दर्शक रोमांचित हो उठते हैं। पंथी नृत्य में कई वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल होता है, जैसे मांदर, झांझ, झुमका, मंजीरे, चिकारा, हारमोनियम, और बेन्जो आदि शामिल होता है।

## एस जयशंकर ने की इटली, जापान, दक्षिण कोरिया के समकक्षों से मुलाकात

वार्ता < फ़िउग्गी (इटली)/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इटली के फ़िउग्गी में जी 7 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान इटली, जापान और दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ अपनी बैठक के बारे में विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट लिखा दोनों ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे, यूक्रेन संघर्ष और इंडो-पैसिफिक पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ गर्मजोशी से भरी बैठक हुई। प्रौद्योगिकी, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, उर्वरक, रेलवे और निवेश में अवसरों पर चर्चा की। आईएमईसी, यूक्रेन और इंडो-पैसिफिक पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। हाल ही में घोषित संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना हमारी गतिविधियों का मार्गदर्शन करती है। 2025 में भारत में उनका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताए-युल के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया, कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ताए-युल से मिलकर बहुत अच्छा लगा। भारत-प्रशांत क्षेत्र में हमारे बढ़ते सहयोग, जीवंत आर्थिक साझेदारी, मजबूत रक्षा संबंधों और सक्रिय तकनीकी सहयोग की सराहना करता हूं।



# फेरी वालों से रहें सावधान: पैलेस से चंदन का पेड़ काटने वाले 3 गिरफ्तार, शिलाजीत बेचने आए और चंदन ले उड़े

## बाहरी फेरी वालों पर संदेह होने पर तत्काल दें पुलिस को सूचना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



फेरी के बहाने मोहल्ले की रेकी कर रात में चोरी और तस्करी करने वाले तीन मध्यप्रदेश के चोरों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक राजेन्द्र ताम्रकार ने 26 नवंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह विक्रमादित्य सिंह का निज सचिव है एवं आराम निवास का देख-रेख करने का कार्य करता है। 21 नवंबर की रात्रि में आराम निवास के सामने निजी बागान के अंदर मौजूद 03 नग चंदन पेड़ को अज्ञात आरोपियों ने चोरी कर लिया। उक्त रिपोर्ट पर भा.न्या.सं. की धारा 303(2) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### फेरी वालों को उठाकर की पूछताछ

एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा रात्रि गष्त को प्रभावी कर उक्त प्रकरण के आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी रविशंकर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आराम निवास के आसपास एवं क्षेत्र में डेरा डालकर घूम रहे फेरीवालों पर लगातार निगरानी बनाये रखा गया था, इसी दौरान 24 नवंबर की रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति लिखाड़िया उर्फ पिंटू के भागलपुर क्षेत्र में घूमते पाये जाने पर उससे पूछताछ करने पर संदेह होने पर उसे अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथीगण नीवर एवं कर बाबू के साथ के साथ मिलकर उक्त दिनांक को आराम निवास बागान से चंदन लकड़ी चोरी करना स्वीकार किया।

### पुलिस को देखकर भागने लगे

नीवर एवं कर बाबू के लोरो दोफा के नीचे टेंट लगाकर फेरीवाले के रूप में मौजूद रहने की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा लोरो दोफा में जाकर दबिश दिया गया, दबिश देने के दौरान वे दोनों पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागने लगे, इन दोनों को दौड़ाकर पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के संयुक्त मेमोरंडम कथन से विभिन्न चंदन लकड़ी का टुकड़ा कीमती लगभग 50 हजार रू. एवं लकड़ी आरी इत्यादि जप्त किया गया है। उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविषंकर तिवारी, स.उ.नि. विपिन किषोर केरकेट्टा, स.उ.नि. मनोज सिंह, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. शोभनाथ सिंह, आर. 378 विनोद तिर्की, सै. थानेष्वर देषमुख का योगदान रहा है।

'जशपुर पुलिस द्वारा रात्रि गष्त को अत्यंत प्रभावी बनाया गया है, उसी का परिणाम है कि उपरोक्त चोरी के आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। उपरोक्त गिरफ्तार हुये आरोपियों से चोरी के अन्य मामलों का खुलासा होने की संभावना है। संदेही व्यक्तियों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना देवें।

**शशि मोहन सिंह**, एसपी जशपुर

# बाल विवाह की रोकथाम और इसके दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक करना हो प्राथमिकता: कलेक्टर

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर ली गई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिले में इससे सफल क्रियान्वयन व सम्पादन हो इसके लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम और इसके दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक करना था। बाल विवाह से संबंधित कानून व रोकथाम के विषय पर जानकारी देने व चर्चा हेतु युनिसेफ से राज्य बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई व राज्य सलाहकार श्री अभिषेक त्रिपाठी बैठक में उपस्थित हुए थे। बाल विवाह कुरूति पर अंकुश लगाने के लिए घटनाओं की प्रभावी रिपोर्टिंग व जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वृहद चर्चा की गई। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से युद्ध स्तर पर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम कराने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होने बाल विवाह की रोकथाम और इसके दुष्परिणामों के प्रति समुदाय को जागरूक करने की बात को प्राथमिकता देने की बात कहीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और ग्राम पंचायतों में विशेष बैठकें आयोजित होंगी। इन बैठकों के माध्यम से समुदाय को बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन और अन्य माध्यमों का भी उपयोग किया जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के प्रमुख लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों को इसमें शामिल करने की योजना है। बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और पंचायतों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक कानूनी अपराध नहीं है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल,डी डी पंचायत ऋषभ सिंह, सिविल सर्जन डॉ अजय मरकाम, यूनिसेफ के जिला समन्वयक प्रथमेश मानेकर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# चिंतनीय: आजादी के अमृत काल में वनांचल के स्कूलों में मूलभूत सुविधा नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिला के बोड़ला विकासखंड के बीहड़ वनांचल कुरलूपानी गांव में के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वहां पर शासन के द्वारा स्कूल आंगनबाड़ी तो खोल दिया गया लेकिन आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में असफल हो रहे है जबकि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा जनमन योजना के नाम से अलग से योजना संचालित किया जा रहा है बावजूद अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्राथमिक शाला में बच्चों के मध्याह्न भोजन बनाने के लिए किचन सेड, दिव्यांग बच्चो के लिए रैम्प सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।

### रैम्प नहीं

दिव्यांग लोगो को असुविधा से बचाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा सभी स्कूल, आंगनबाड़ी सहित समस्त शासकीय कार्यालयों रैम्प का निर्माण कराया गया है लेकिन बोडला विकासखण्ड के प्राथमिक शाला कुरलूपानी में नहीं बना है जबकि विशेष अभियान चलाकर रैम्प का निर्माण कराया गया था। पिछले साल स्कूल भवन का जीर्णोधार भी किया गया था बावजूद ठेकेदार ने नहीं बनाया। बिना रैम्प के स्कूल संचालित किया जा रहा है। इस पर विभागीय अधिकारियों को भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

### घर में बनाता है मध्याह्न भोजन

सरकार का महत्वपूर्ण योजना में शामिल एक मध्याह्न भोजन है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पौष्टिक आहार देने की योजना है। अध्ययनरत छात्र छात्राओं को उनके संपूर्ण विकास के लिए अलग अलग दिन अलग अलग भोजन देने का प्रावधान है जिसके लिए मीनू भी तैयार किया गया है लेकिन स्कूल प्रांगण में किचन सेड नहीं होने के कारण गांव के ही एक घर में मध्याह्न भोजन पकाया जाता है और उन्हीं के घर में भोजन अवकाश के समय बच्चो को भेजकर मध्याह्न भोजन कराया जाता है जो बेहद चिंतनीय हैं। इसकी जानकारी विभाग के सभी जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों को है साथ ही जिम्मेदार जनप्रतिनियों के द्वारा भी किचन सेड सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए ध्यान नही दिया जाता है जबकि पंचायत निधि में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं पर राशि व्यय करने का प्रावधान रहता हैं बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# नियद नेल्लानार योजनांतर्गत नारायणपुर जिले में सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की स्थापना

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा ''नियद नेल्लानार'' (आपका अच्छा गांव) योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत, सुरक्षा कैंपों के पांच किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने की मुहिम चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में 14 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों के पांच किलोमीटर के दायरे में बसे गांवों के निवासियों को 25 से अधिक बुनियादी सुविधाओं और 32 व्यक्ति-आधारित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य इन क्षेत्रों में विकास को गति देना और ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारना है। इन्हीं प्रयासों के तहत ग्राम मसपुर में क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) विभाग द्वारा सोलर हाई मास्ट संयंत्र की स्थापना की गई है। ग्राम मसपुर के घोटूल परिसर और आश्रम परिसर में स्थापित इन सोलर संयंत्रों से रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो रही है। इससे न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो रही है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी अब रात में आसानी से किया जा सकता है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया है। इस सुविधा ने गांव के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं, जिससे गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नियद नेल्लानार योजना के तहत क्रेडा विभाग द्वारा जिले के 11 गांवों के 12 स्थलों पर सोलर हाई मास्ट संयंत्र लगाए जा रहे हैं। इनमें से तीन स्थलों पर संयंत्र पहले ही सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं, जिसमें ग्राम मसपुर और मेंटानार शामिल हैं। यह योजना शासन के सतत् विकास और अक्षय ऊर्जा के उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस प्रयास से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि पर्यावरण-संवेदनशील विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ग्रामीणों ने सोलर संयंत्र की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

# खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा तेज रफ्तार तीन ट्रक



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर बड़ा हादसा हुआ है। दो ट्रक के पहले से खड़े एक ट्रक के पीछे टकराया। यह घटना मालापारा गांव के पास हुई।मिली जानकारी अनुसार केंवटी भानुप्रतापपुर के बीच मालापारा के पास एक के बाद तीन ट्रकों में टक्क र हो गई। गनीमत रही किसी को चोट नहीं लगी। बताया जा रहा है। घटना मंगलवार की रात्रि 9 बजे पहली ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएच 9199 सड़क किनारे खड़ी थी। इस ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएफ5718 ने टक्क र मार दी। इसके बाद रात्रि लगभग 1 बजे सीजी 04 एनएक्स 5527 दुर्घटनाग्रस्त खड़ी ट्रक में टकरा गई। सभी ट्रक केवटी से भानुप्रतापपुर की ओर से जा रही थी। दो ट्रकों की सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कुछ देर आवागमन भी प्रभावित हुआ।

# ग्राम पंचायत सोनगरा के मिडिल स्कूल में छात्राओं को शौचालय के शत प्रतिशत उपयोग और साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने हेतु किया गया प्रेरित




**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशानुसार विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनगरा के मिडिल स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चश्मा बना कर शौचालय के शत प्रतिशत उपयोग करने और साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया तथा साथ में व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय का संचालन सही तरीके से उपयोग करने का तरीका भी बताया गया खाना खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने हेतु बताया गया। घर-घर कचरा संग्रहण हेतु स्वच्छा ग्राही दीदी को स्वच्छ भारत मिशन के क्लस्टर कोऑर्डिनेटर संजय जायसवाल के द्वारा यह प्रेरित किया गया कि आप अपने ग्राम पंचायत के अंदर आने वाले सभी घरों में कचरा कलेक्शन का काम करना है इस कचरा कलेक्शन करने से महिलाएं प्रेरित हुए और ज्यादा से ज्यादा घरों में कचरा संग्रहण का काम किया जाएगा जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सके स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम बनाने में अपना बहुमूल्य समय देकर स्वच्छता श्रम दान कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। साथ ही जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा सामूहिक ''हाथ धुलाई'' का कार्यक्रम किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक गण व स्वच्छ भारत मिशन से कलस्टर समन्वयक शामिल थे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग करने और शौच से पहले अच्छे से साबुन से हाथ धोने और खाना खाने से पहले हाथ धोने ,साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। साथ में सामुदायिक स्वच्छता पर हर घर शौचालय घर घर शौचालय की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# राज्य में कार्बन फुट प्रिंट कम करने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ के शहर एवं आवास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा के साथ छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी ने दिल्ली स्थित वेस्टर्न कोर्ट में मुलाकात की,बढ़ते शहरीकरण में कार्बन फुट प्रिंट पर चिंता जाहिर करते हुए आवश्यक उठाए जा सकने के लिए उपायों पर डॉ. निर्वाणी अपने प्रयासों और शोध से अवगत कराया, डॉ. निर्वाणी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में महागुनी के पौधे को वृहद रोपण कर और साथ ही साथ किसानो को अकार्बनिक खेती के साथ साथ परंम्परा गत खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर कार्बन फुट प्रिंट कम किया जा सकता है, शहरों में बड़ी तेजी से बढ़ रहे आवासीय कालोनियों और अपार्टमेंट में ग्रीन एनर्जी के सबसे बड़े स्रोत सौर ऊर्जा के उपयोग को कुछ मैनडेटरि कर शहरी कार्बन उत्सर्जन को कम करने के दिशा में बेहतर कदम माना जा सकता है, भाजपा महामंत्री भरत लाल वर्मा ने अपने साथ आये हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से बारी बारी शिष्टाचार भेंट कराया, सभी कर्यकर्ताओ ने प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत लाल वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की परंपरा की शुरूआत की



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संविधान निर्माण के 75 वी वर्षगाँठ मनाई गई आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 को हमारा संविधान पारित हुआ जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार 2015 पूरे देश मे संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की यही भारतीय संविधान जिसे 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया जिसे पूरा हिंदुस्तान गणतंत्र दिवस के रूप में मनाता है भारतीय संविधान देश का एक पवित्र ग्रंथ है जो समावेशी धर्म निरपेक्ष कृतज्ञ राष्ट्र सर्वधर्म समभाव बहुजन हिताय बहुजन सुखाय एक सम्पूर्ण राष्ट्र विश्व बन्धु का भाव सिखाता है इस नेक भाव से जीवन जीना सिखाता है जिसमे हमे अपने हर जरुर को दिनचर्या को पूरा करने का अधिकार देता है पूरा संविधान निर्माण में 2 साल 18 महीने 11 दिन लगा जिसमे हर देशवासियों के मूल कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लेख है हमारा संविधान जीवात्मा प्रगतिशील दस्तावेज है जिसमें हर नेमा को भी अभिव्यक्ति मिली है देश के अनेक बुद्धजीवियों ने इस संविधान निर्माण पर अपनी राय रखी थी जिसे सम्पूर्ण रूप महामानव बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने दिया वास्तव में देश के इस महान संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जी ने सबके साथ एकभाव प्रेम शांति न्याय विकास गाँव गरीब किसान महिला शसक्तीकरण आत्मनिर्भर देश विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प का सच्चा मार्ग बताया है।

# अगर आप दुनियाँ की परवाह करोगे तो आप से अच्छे काम नहीं हो पाएंगे यदि आपको अच्छे काम करने हैं तो फिर आपको दुनिया की परवाह तो छोड़नी होगी: शीघ्रता त्रिपाठी

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा
www.dailypioneer.com



श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा का भक्त भावविभोर होकर रसपान कर रहे है। व्यास पीठ से पूज्या शीघ्रता नें बताया ये दुनियाँ भी बड़ी अजीब है, सच को देखकर भी स्वीकार नहीं करती है और झूठ से सुनकर ही सहमत हो जाती है। यहाँ पर जब किसी के द्वारा कोई अच्छा काम किया जाता है, तो ये दुनियाँ वाले कहते हैं कि विश्वास ही नहीं होता कि उसने ये काम कैसे कर लिया? लेकिन अगर किसी पर गलत काम करने का आरोप लगाया जाता है तो यही लोग कहते हैं, हमें पूरा विश्वास है उसने ऐसा किया ही होगा। इस दुनियाँ की समस्या मात्र यह नहीं है, कि यह अच्छा काम नहीं करती अपितु यह भी है कि यह अच्छे को स्वीकार करने का साहस भी नहीं रखती। इसलिए अगर आप दुनियाँ की परवाह करोगे तो आप से अच्छे काम नहीं हो पाएंगे मगर यदि आपको अच्छे काम करने ही हैं तो फिर आपको दुनिया की परवाह तो छोड़नी ही पड़ेगी। दीन दुखियों की सेवा करो और सभी से प्रेम, ताकि आपको परमात्मा को ढूँढने कहीं दूर न जाना पड़े। यह अनमोल वचन हमें बहुत कुछ सन्देश दे जाते हैं बशर्ते हम समझने का प्रयास करें। हमारे जीवन की विचित्रिता तो देखिये हम तीर्थ स्नान के लिए कोसों दूर जाते हैं और पड़ोस का कोई दुखियारा केवल इस कारण मर गया कि उसे एक घूँट जल की न मिल सकी। हम बड़े-बड़े भंडारे लगाने मीलों दूर जाते हैं और मुहल्लों के कई किशोर-किशोरियाँ पढने- लिखने की उम्र में सिर्फ इसलिए अमानवीय व्यवहार सहकर भी रात-दिन मजदूरी करते हैं ताकि उनके परिवार को कम से कम एक वक्त तो भर पेट भोजन मिल सके। काश अब भी इस समाज में कोई एकनाथ और नामदेव जैसे चैतन्य पुरुष प्रकट होते, जिन्हें पशु में ही पशुपति नाथ और कुत्ते में ही कुल देव के दर्शन हो जाएँ। मेनरोड में गुडिया होटल के पास वेंकट अग्रवाल के निवास स्थल पर सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा का भक्त उत्साह पूर्वक श्रवण कर रहे है।

# घूसखोर पटवारी चड़ा एबीसी टीम के हत्थे

## जिले का राजस्व विभाग जमीन संबंधी मामलों में किसानों से कर रहा अवैध वसूली

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के राजपुर अनु विभाग अंतर्गत ओकरा पत्थर पारा में पदस्थ पटवारी किशान से 12 हजार रुपए का रिश्वत लेते हुए उसको एसीबी की टीम ने धर दबोचा है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फौती नामांतरण के एवज में पटवारी के द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। नहीं देने पर किसान को परेशान किया जा रहा था किसान हार पछता कर अपनी शिकायत एसीबी टीम को की इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों पटवारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद राजपुर रेस्ट हाउस में पूछताछ की जा रही है। उक्त घटना के बाद जिले के पूरे राजस्व विभाग में अवैध वसूली की चर्चा शुरू हो गई है जिले के राजस्व विभागों में हो रहे अवैध वसूली के बारे में किसान यह भी कह रहे हैं कि हर जगह एबीसी टीम की छाप पढ़नी चाहिए तब जाकर राजस्व विभाग का लूट खसोट बंद हो पाएगा। और किसानों को राहत मिल पाएगी। पीड़ित किसानों ने यह भी बताया कि जिले के लगभग सभी अनु विभाग अंतर्गत भू- माफियाओं के द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में हेरा फेरी कर अपने नाम से जमीन करा कर खुलेआम बिक्री की जा रही है और शिकायतकर्ताओं के द्वारा जो शिकायत नजूल भूमि एवं रेवेन्यू भूमि की शिकायत एसडीएम कार्यालय एवं तहसीलदार कार्यालय में की गई है उस शिकायत के केस में सुनवाई के दौरान केवल पेशी पर पेशी बढ़ाए जा रहा है और भू-माफिया जमीन की खरीद बिक्री करने में लगे हुए हैं। ताजुब की बात यह है कि बलरामपुर कलेक्टर के द्वारा राजस्व विभाग की बैठक में यह निर्देश दिए जा रहे हैं कि पेंडिंग फाइलों को त्वरित गति से निराकरण किया जाए लेकिन भू-माफियाओं को खुला संरक्षण देने के लिए पेशी पर पेशी बढ़ाई जा रही है और शिकायतकर्ता अपने जमीन की आस में राजस्व विभाग के दफ्तरों का चक्कर लगाते हुए खुद चकरा जा रहा है। रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय वन भूमि,रेवेन्यू भूमि,नजूल भूमि सहित राड़ बेवा मोसमात एवं अन्य गरीब समुदाय के भूमि पर कब्जा करने वाले भू- माफियाओं का आज भी तूती बोल रहा है क्योंकि उनके विरुद्ध जिस राजस्व विभाग को शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्हें तो संरक्षण दे बैठे हैं जिसके कारण आज भी भू-माफिया राजस्व रीकार्ड में हेर फेर कर अपने नाम अर्जित किया हुए जमीन को प्लाटिंग कर आज भी बेच रहे हैं। ताजूब की बात यह है कि चौहद लिखाई पढ़ाई रजिस्ट्री एवं संशोधन के नाम पर कनिष्ठ से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक के लिए 50 हजार रुपए तक खर्च के नाम से लिया जा रहा है यह भी नगर के भू-माफियाओं का ही देन है? नगर के भू-मामिया यही तक नहीं रुक रहे हैं यदि किसी गरीब को अपना जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेचा जा रहा है तो भू-माफियाओं का राजस्व विभाग में ईतनी गहरी पैठ हो गई है कि उनके इशारे पर ही उनके जमीन का दस्तावेज तैयार नहीं होने दे रहे, व्ही हार पछता कर गरीब इस भू-माफिआओं से अपना जमीन औने पौने दाम में बेचने को मजबूर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश एक औरत ऑन किसान हित ऐसी कही जाती है और दूसरी ओर राजस्व विभाग के अधिकारियों के इशारे पर जमीन संबंधी कार्यों में किस से लेकर आम जनता को लूटने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है और राज्य शासन के द्वारा इस विषय पर अधिकारियों को कभी पनिशमेंट नहीं किया जा रहा है जिसका खामियाजा इस जिले की जनता को मजबूर है।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत को लेकर भाजपा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा शहर मण्डल के बूथ क्रमांक 26 वार्ड 8 (क) के सुंदर नगर कृष्णा विहार कालोनी की बैठक बूथ में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ललिता साहू के निवास में रखी गई बूथ संगठन चुनाव के लिए बूथ चुनाव समिति के प्रभारी राजू देवांगन,वार्ड 8 के छायापार्षद एवं जिला भाजपा कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा भाजपा प्रदेश के पूर्व मंत्री संध्या परघनिया,मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री युगल देवांगन महिला मोर्चा जिला महामंत्री सावित्री रजक प्रदेश शक्ति संयोजिका निशा चौबे रजनी चौबे ममता साहू वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी सुरेश पटेल सुदर्शन वैष्णव राजेश शर्मा के उपस्थित में सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष शिवराम यादव बनाया गया बूथ मंत्री सुदर्शन वैष्णव को बनाया गया, मन की बात कार्यक्रम का प्रभारी ललिता साहू वाट्सएप ग्रुप प्रभारी नरेश साहू, लाभार्थी सम्मेलन प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी बीएलओ 2 विकास तम्बोली को नियुक्त किया गया साथ ही सक्रिय सदस्य पूनम ठाकुर नीतू कोठारी छोटू यादव विक्कू राव छोटू राव शेखर मरकाम राजा राव ओंकार यादव सुनील चक्रधारी भूपेंद्र अनंत राजू राव गणेश पटेल ज्योति यादव सरोज सोनवानी वेदराम पटेल थानु पटेल राधिका पटेल भुरवा धृतलहरे मुन्ना यादव ज्योतिष गणेश संतोष रौशन पटेल सुनील राव लक्ष्मी राव राजू मुखर्जी सुभाष सोनवानी मीनू यादव अवधेश विश्वकर्मा स्वपनिल शर्मा करण सिन्हा सुलोचना पटेल रिंकू साहू पन्ना प्रमुख का नाम तय हुआ. बैठक में सभी ने एक स्वर में बूथ 26 में वार्ड 8 (क) में भाजपा का पार्षद बनाकर नगर पालिका भेजने का संकल्प लिया वैसे भी वार्ड 8 में बेमेतरा के सभी वरिष्ठ नेताओं का निवास स्थान है उनके सम्मान को देखते हुए हर हाल में वार्ड 8 सहित पूरे बेमेतरा के 21 वार्ड में भाजपा के पार्षद व भारी बहुमत से अध्यक्ष बनाने के लिए नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष सभी कार्यकर्ता पूरी शक्ति से ही तैयारी में जुट जाने जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास सुरु कर चुनाव के दृष्टि से वोटरलिस्ट में नाम जुड़ाने कटाने में गंभीरता दिखाने कहा गया सभी कार्यकर्ताओं ने जी जान से चुनावी मैदान में उतरने तैयार होने का विश्वास दिलाया।

# जिला मुख्यालय कोंडागांव में मनाया गया संविधान दिवस

## भारत का संविधान की उद्देशिका का किया पठन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा के समक्ष सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के तत्वाधान में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोडागांव, कार्यक्रम अध्यक्षता धंसराज टंडन, अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, विशिष्ट तिथि एमडी बघेल, संरक्षक अनुसूचित जाति वर्ग, नीलकंठ शार्दुल, संरक्षक पिछड़ा वर्ग, दीपेश अरोरा जिला अध्यक्ष भाजपा, दिनेश डे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उसेंडी एसडीओ लोक निर्माण विभाग, सौरभ उपाध्याय थाना प्रभारी कोंडागांव व अन्य पदाधिकारीगण, गणमान्य उपस्थिति में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के





प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब के चरणों में फूल माला चढ़ाया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी ने भारत की संविधान का उद्देशिका का पठन का संकल्प कराये सभी उपस्थित जनों ने उद्देशिका को दोहराया गया हम भारत के लोग। पूरा वातावरण संविधानमय में हो गया सबने भारत संविधान अमर रहे का नारा लगाए बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयकारा किया गया। इसी तरह उद्देशिका पठन के पश्चात सभी अतिथि गण उद्बोधन किया सब ने कहा हमारा भारत का संविधान पवित्र है संविधान की बदौलत ही हम सभी धर्म समुदाय पंथ में समानता और भाईचारा हैं। भारत का संविधान का हर कीमत पर सुरक्षा और सम्मान करना हमारा पूरे भारतवासी का कर्तव्य व जिम्मेदारी हैं राष्ट्र की एकता अखंडता संविधान के बदौलत सुनिश्चित है अतिथियों ने कहा हमारे देश के ग्रामीण गांव में रहने वाले लोगों तक संविधान का पुस्तक पहुंचना हैं जिससे हमारे भारत की कानून की जानकारी होना चाहिए। मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी ने आगे कहा कि, हमारे कोंडागांव नगर में सभी समाज के द्वारा संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं अपने उद्बोधन में उसेंडी ने कहा संविधान हैं तब हम सब सुरक्षित हैं संविधान ने धर्मनिरपेक्ष एवं सभी वर्गों का सम्मान अधिकार दिए हैं।

# विद्यार्थी जीवन के साथ संविधान के मूल्यों को संजोया जाय : जयनाथ प्रसाद

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के अग्रणी शैक्षिक संस्थान पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में पूरे हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक सुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात कक्षा 9वीं की छात्रा मोनिक्षा साहू और कक्षा 8वीं की छात्रा फाल्गुनी धृतलहरे के द्वारा अपने भाषण के माध्यम से संविधान के निर्माण की रूपरेखा के बारे में बताया। तत्पश्चात विद्यालय अध्यापक अनुपम शुक्ल ने अपने भाषण में संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए संविधान निर्माण में उनके योगदान और संविधान के आदर्शों और मूल्यों की विशद व्याख्या की। संविधान दिवस के कार्यक्रम में प्रातः कालीन सभा के पूर्व 'रन फॉर संविधान' थीम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इसके बाद कार्यक्रम के दौरान ही संविधान प्रश्नोत्तरी, प्रस्तावना वाचन, 'हम भारत के लोग' थीम पर रंगोली बनाने का कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जयनाथ प्रसाद महथा के. ने अपने समापन संबोधन में विद्यार्थी जीवन के साथ संविधान के मूल्यों को कैसे संजोया जा सकता है का गुरुमंत्र दिया। विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा दिव्यांशी राय ने शानदार मंच संचालन किया। संविधान दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक पी वैष्णव, सामाजिक विज्ञान शिक्षक कलामुद्दीन अंसारी, हिंदी शिक्षक आकाश पटेल, अंग्रेजी शिक्षक प्रशांत मयती, कला शिक्षिका श्रीमती सुनीता दास, शारीरिक शिक्षा शिक्षक हर्ष और पूजा के साथ ही गौरव ठाकुर, मनीषा, सोनम, वंदना नरेश सोनकर, सौरभ त्यागी, विजय द्विवेदी, अजय मिश्रा सहित छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता थी।

# संचार क्रांति का नया अध्याय छूटवाई में मोबाईल टावर की स्थापना



पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

नियद नेल्ला नार योजना के तहत छूटवाई में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। इस नई पहल से अब क्षेत्र के ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे ऑनलाईन पढ़ाई में लाभ मिलेगा ।सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब आसानी से अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिससे उनके दैनिक जीवन में सहजता आई है ।

# पीएम स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविधान दिवस पर हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव के एम.जी.वार्ड स्थित पी.एम.स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भारतीय संविधान के महत्व और उसके ऐतिहासिक पहलुओं पर अपने भाषण प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्राचार्य शांतिलाल सलाम ने संविधान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 26 नवंबर को भारत का संविधान अपनाया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। हमारा संविधान कठोर और लचीला दोनों है और इसकी आधारभूत संरचना कभी नहीं बदली जा सकती। यह संविधान हमें



मौलिक अधिकार और दायित्व प्रदान करता है, जिनका पालन हमें ईमानदारी और जिम्मेदारी से करना चाहिए। इस दौरान कक्षा 10वीं की लतिका दास और कक्षा 7वीं की यज्ञनिका वैष्णव ने भी अपने भाषण प्रस्तुत किये। लतिका ने भाषण के माध्यम से बताया पहले इस दिन के कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था, लेकिन 2015 से इसे संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाने लगा। यह निर्णय डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यज्ञनिका ने संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की अहम भूमिका को अपने भाषण के माध्यम से बताया कि उन्होंने संविधान सभा की मसौदा समिति अध्यक्ष के रूप में संविधान को आकार दिया। संविधान दिवस इस आयोजन ने बच्चों में संविधान के प्रति जागरूकता पैदा करने और इसके महत्व को समझाने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल सलाम,उप प्राचार्य पूनम पाणिग्रही, व्याख्याता अखिलेश गायधने, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला एवं विकासखंड स्तर पर होगा युवा उत्सव का आयोजन

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर किया जाएगा। इसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला तात्कालिक भाषण, कविता पाठ जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि आयोजन में भाग लेने वाले कलाकारों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रत्येक विधा का आयोजन विकासखण्ड पर होगा, जिसके विजेता जिला स्तर पर भाग लेंगे और जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय आयोजन में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय आयोजन 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 04 दिसम्बर को प्रत्येक विकासखण्ड में सम्पन्न होगा एवं जिला स्तरीय आयोजन 13 दिसम्बर को जिला मुख्यालय में सम्पन्न होगा। आयोजन में भाग लेने वाले प्रत्येक युवा कलाकारों को पंजीयन करना आवश्यक है। पंजीयन फार्म विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय या जनपद कार्यालय से या वरिष्ठ खेल अधिकारी के जिला कार्यालय कोंडागांव से प्राप्त कर सकते है।

# कांग्रेस किसानों को भ्रमित करने में लगी है : दिपेश अरोड़ा


पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के 67 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान उपार्जन किया जा रहा हैं। जिले के किसानों को उपार्जन केंद्र में टोकन प्राप्त करने से उपार्जन केंद्र में धान विक्रय तक हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों का धान सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से प्रारंभ कर चुकी हैं। किसानों की उपार्जित धान का सही तौल के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा की व्यवस्था के साथ ऐसे सभी सुविधा प्रदेश सरकार उपलब्ध करा रही हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक मोहन मरकाम के आरोप बेबुनियाद है। कांग्रेस शासन काल के दौरान की धान खरीदी की स्थिति व व्यवस्था प्रदेश की जनता देख चुकी है। कांग्रेस के कर्जा माफ के घोषणा के बाद भी किसानों ने कांग्रेस को नकार दिया। पूर्व विधायक के द्वारा किसानों को भ्रमित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार किसानों से 15-17 क्विंटल नही बल्कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपये पर खरीदी कर रही है। प्रदेश में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से नियमानुसार अधिकारी कर रहे है। भाजपा किसानों के उपज के बाजिब मूल्य प्रदान करने के लिये भाजपा हमेशा तत्पर रही हैं जिसके परिणामस्वरूप प्रति एकड़ धान खरीदी 3100 रुपए में धान खरीदी की जा रही है। कांग्रेस शासन काल में किसानों को परेशान करने मे कोई



कसर नहीं छोड़ी गई सभी क्षेत्रों मे हाहाकार मचा हुआ था। भाजपा ने किसानों के हितों को ध्यान रख कर योजना को किसानों तक पहुचा रही है। भाजपा अपने घोषणा पत्र मे जुडी हर एक वादा को पूरा कर रही है, हर वादे पूरे होते देख पूर्व विधायक को तकलीफ होने लगी है यदि पूर्व विधायक को किसानों की चिन्ता होती तो जिले के किसान आज पिछड़े नही रहते। दस सालों तक पूर्व विधायक को किसानों की चिंता नही दिखी। प्रदेश की भाजपा सरकार के कल्याणकारी योजना आज किसानों के पास पहुचने लगी है। भाजपा सरकार ने वनाधिकार पट्टा से लेकर किसानों हक के लिये किसानों के साथ हमेशा खड़ी रही है और आगे भी किसानों के साथ है। जिसका परिणाम है कि, जिले में इस वर्ष 55 हजार 298 किसानों के द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है, जिसमें गतवर्ष की तुलना में 3 हजार 266 नवीन कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। कृषकों के कुल धान का रकबा 76383.67 हेक्टर पर उपार्जित धान की खरीदी की जा रही है। सरकार पर आरोप तथ्यहीन है इसका उदाहरण किसान बिरस प्रसाद, शिव चरण के रकबा 8.059 से 14 नवंबर को 158.40 क्विंटल व तामेश्वरी पिता बिरज प्रसाद के रकबा 0.809 से 41.60 क्विंटल टोकन काटा गया। इसके बावजूद पूर्व विधायक द्वारा किसानों के रकबा से कम खरीदी की जा रही हैं कह कर बयान जारी करना मतलब किसानों को भ्रमित करना हैं।

# संविधान दिवस पर बड़े बेंदरी में 75 का मानव श्रृंखला गठन



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेबेंदरी में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 75 की मानव श्रृंखला बनाई गई। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना, जूनियर रेड क्रॉस, इको क्लब, और स्काउट-गाइड इकाइयों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## कार्यक्रम में भारत के संविधान के उदेश्यों का सामूहिक पठन किया गया

# अमृत सरोवरों एवं ग्राम पंचायतों में संविधान दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भारत में संविधान दिवस प्रति वर्ष 26 नवम्बर को संविधान अंगीकरण की स्मृति में मनाया जाता है। संविधान दिवस हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला के रूप में हमारे मूल्यों की याद दिलाता है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने के लिए कलेक्टर नारायणपुर बिपिन मांझी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत नारायणपुर के सीईओ वासु जैन के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के ग्राम पंचायत भवनों में एवं ग्राम पंचायतों में निर्मित 75 अमृत सरोवर स्थलों में 26 नवम्बर को प्रातः 11 बजे 75वां संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया तथा संविधान के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को






दोहराया गया। इस विशेष कार्यक्रम का प्रमुख उदेश्य संविधान के प्रति सभी नागरिकों को जागरूकता करना है जिससे वे अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति जागरूकता हो तथा उसके महत्व को समझ सके कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान के उदेश्यों का सामूहिक पठन किया तथा छात्रों के लिये निबंध, लेखन और प्रशनोंत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नारायणपुर जनपद के सीईओ सी.एल.पटेल एवं ओरछा जनपद के सीईओ मेघनाथ मंडावी सहित जिला स्तर एवं जनपद स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी, सीएफपी, जनप्रतिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा श्रमिक, सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा मर्दापाल तहसील के ग्राम हांदापाल निवासी राजेश मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिता जगनाथ मण्डावी को, माकड़ी तहसील के ग्राम हुक्काबेड़ापाथरी निवासी मानबती की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति मनिश्वर, पुत्री फुलेश्वरी, पुत्र गोलू और शैलेन्द्र को केशकाल तहसील के ग्राम बड़ेठेमली निवासी रामजनम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुमित्रा को, माकड़ी तहसील के ग्राम रांधना निवासी जयमति की पानी में डूबने से मृत्यु पर पति लखमूराम, पुत्र पुसेन्द और कमलेश, पुत्री सुमित्रा, पवित्रा और सबिता को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# जैतपुरी स्कूल छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी




पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में व गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक शाला कबेंगा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी द्वारा लगायें गये। सात दिवसीय आयोजित एनएसएस कैम्प में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक सारक्षता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव ने उपस्थित छात्र-छात्राओ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी देते हुए कानून के प्रति जागरूकता लाने के उद्वेश्य से उपस्थित बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने व इस तरह के विवाह के खिलाफ बढ़ावा देने वालो को सजा के संबंध में व बाल श्रम, मानव तस्करी, साईबर क्राईम, मोबाईल से होने वाले अपराध, लैगिंग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 व मोटरयान दुर्घटना अधिनियम 2019 व 6 से 14 वर्ष तक बच्चो निःशुल्क शिक्षा का अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई।

# आदर्श शिक्षक सत्यप्रकाश सतपथी सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

छात्र-छात्राओं के समग्र विकास हेतु संकल्पित राष्ट्रीय संस्था शिक्षा अंजीर भारत के छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा जिला स्तरीय स्व. सत्यप्रकाश सतपथी आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन में विधायक चातुरी मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल की अध्यक्षता में गया। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पूणानंद मिश्रा राष्ट्रीय संस्थापक-शिक्षा अंजोर सतीश स्वरूप पटेल बीआरसीसी शिधाविद विद्याभूषण सतपथी, उपेन्द्र चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष, विरेन्द्र सतपथी, मुरेश्वरी सतपथी सहित शिक्षा अंजीर के राष्ट्रीय सहसंयोजक प्रेमचन्द साय, शिक्षा अंजोर भारत के संस्थापक सदस्य गजेन्द्र नायका, बारिश कुमार, डौंरेन्द्र कुमार कर नीलम कुमार, कोषाध्यक्ष रीता पति, राष्ट्रीय संयोजक डिजेन्द्र कुरें, शिधा अंजीर भारत उत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष पूनम साहू, हास. उच्च माध्य, शाला किसड़ी के व्याख्याता किशोर कुमार रथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय में उत्कृष्ट योगदान एवं कार्य करने वाले विकास खंड के सभी 36 संकुलों से प्रति संकुल एक-एक शिक्षक का चयन किया गया। सभी चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को विधायक श्रीमती नंद के द्वारा प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंद ने कहा कि शिक्षक हमें अच्छे इंसान बनने, समाज में योगदान करने, अपने लक्ष्यों को प्राप्त हमें आत्मनिर्भर,




जिम्मेदार और नंद के नैतिक रूप से सशका बनाने आदि जीवन के हर पहलू में में मदद करते ते हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु जिधकों को प्रेरित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतपथी ने कहा कि शिक्षक अपने हात्रों के भविष्य को आकार देने में, नैतिक मूल्यों को सिखाने में, व्यक्तित्व को मजबूत चनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। राष्ट्रीय संस्थापक डॉ. मिश्रा ने शिक्षा अंजोर भारत की स्थापना एवं उदेस्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं चीरेंद्र सतपथी ने स्व. की सत्यप्रकाश सतपथी के आदर्श जीवन, शैक्षणिक कार्यो एवं सेवा हेतु किये गए कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि अभिनव प्रयोग व नवाचार गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण करने से सरायपाली क्षेत्र में अप्रत्याशित रुप से शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। इस अभिनव प्रयोग को पूरे भारतवर्ष में ले जाने एवं बच्चों के समग्र विकास हेतु शिक्षा अंजोर भारत सरायपाली इकाई से पुष्पा पारेश्वर, रेखा पुरोहित, बंदना सतपथी, निरुपा देयता, पूर्णिमा नाग, डोलेश्वरी सिदार, तेजकुमारी भोई, ज्योति लता साह, उषा चौहान, अंजु साहू, मौरा खंडेल, प्रेमलता नायक, तुष्टिका दास, सोता पटेल, वर्षा नंद, शीला विस्वास एवं अन्य के द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है।

### पूर्वजों के नाम पर किया गया पौधारोपण

इस अवसर पर सरायपाली विधायक के द्वारा शिक्षा अंजीर भारत के स्लोगन एक पेड़ अपने पूर्वजों के नाम के थीम पर स्व बी सत्यप्रकाश सतपथी की स्मृति में उनके सुपुत्र संजय सतपथी के द्वारा, निरुपमा देवता के द्वारा अपने पिता श्री संतोष सतपथी, चंदना सतपथी द्वारा अपने नाना स्व. श्री धकाधरण स्वहू के नाम पर एक एक पौधा लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने-अपने पूर्वजों के नाम सुधारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया।

### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक व अन्य अतिथियों के द्वारा संकुल केंद्र अमरकोट से धनीराम साव, बहेरापाली से सोनूराम चंद्रवंशी, बेदपाली से सरित कुमार मांझी, बलौदा से हेमसागर प्रधान, बालसी से दिलीप कुमार प्रधान, बौझापाली से मांगमीती कुलदीप, बांजीबहाल से रेवती पटेल, बाराडोली से चंद्रभानू पटेल, भीषलडीह से निरंजन मेहेर, बिरकोल से दयासागर नायक, बौदा से गिरधारी पटेल, चारभाटा से केशव चंद्र पटेल, डुडूमधुआं से दुर्गेश प्रसाद नायक, जम्हारी से शरद कुमार पटेल, झिलमिला से अनुपमा सतपथी, कैलेडा केशव प्रसाद साहू प्रमिला पटेल, कनकेचा के जुराम पटेल, केंचुआं से सुशील कुमार नायक, केजुबां से खिरीद जेरी, केना से निर्मल कुमार प्रधान, केंदुहार से प्रदीप सिंह ठाकुर, किसड़ी से स्वराज प्रधान, कुसमीसरार से मुकेश कुमार प्रधान, लॉती से सत्यम स्वरूप पटेल, लिमगांव से नवीन टोप्मी, मल्दामाल में दुकालू नायक, मंदिर सरायपाली से रिंकी नंदे, नवागढ़ से बनमोती भीई, पैकि न से ज्योति प्रधान, पक्षरापाली से गिरधारी गढ़तिया, सरायपाली से रेशमा बेगम, सेमलिया से सुखदेव मेहेर, सिंधीड़ा से ओमप्रकाश ठाकुर, सिंघोडा 'ए' से घासीराम लोई, सिरबीड़ा से शांति बरिहा, टेमरी से मनबोध कुमार साहू, तोरेसिंहा टेकलाल भोई, चिषराकुटा संकुल केंद्र से भोज कुमारी निर्मलकर, बसना विकास खंड से सुरेश साहू, बागबाहरा से अमित कुमार डाके, पिथौरा से अरविंद कुमार, महासमुन्द विकासखण्ड से रामनाथ मायव, केना सरायपाली से शैलेंद्र कुमार नायक, पर्तरापाली से प्रमोद कुमार सामंतराय, बोंदा से लिंगराज देवांगन, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला से पवन कुमार पटेल आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। मंच संचालन शिक्षिका रेखा पुरोहित एवं वर्षा नंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा अंजीर भारत के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# संविधान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान प्रस्तावना वाचन के साथ-साथ विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने भारतमाता और पवित्र भारतीय संविधान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात समवेत स्वर में विद्यालय की छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। प्रस्तावना वाचन कक्षा दसवीं की छात्रा परी वैष्णव के द्वारा कराया गया। राजनीति विज्ञान विषय शिक्षक कृष्ण कुमार नायक ने संविधान के गठन और समिति के बारे में विस्तार से बताया, व्याख्याता डी एल खटकर ने संविधान निर्माण के समय की परिस्थितियों और कठिनाइयों तथा उसके निराकरण कर श्रेष्ठ संविधान के निर्माण और उसके महत्व को बताया गया। रोहित साहू ने संविधान द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकार और उसके प्रति हमारे कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय की छात्रा बबीता साहू, मुस्कान साहू, टेशू साहू,परी वैष्णव, यामिनी, कामिनी और आरती के द्वारा नृत्य के माध्यम से संविधान द्वारा प्राप्त शक्तियों और जीवन में उसकी महत्ता को प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने कहा कि सबके लिए समान कानून सबको शक्तिशाली बनाता है लेकिन हम अपने अधिकारों के प्रयोग के समय यह भी ध्यान रखें कि हमारे कर्तव्य क्या हैं?कर्तव्यों के सही निर्वहन से ही देश आगे बढ़ता है।कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ सांस्कृतिक सचिव टेशू साहू ने तथा आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक टेकलाल पटेल ने सभी करो देश सेवा समूहगान के साथ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुबेलाल पोर्ते, रूपधर निषाद,प्रधान पाठक संखलाल जगत, रूपधर पटेल, द्रुपद पटेल, जयनारायण, ममता पोर्ते, अंजू साहू, किरण चौहान, राकेश प्रधान, सी एस विशाल, खुशी साहू,सहित समस्त शिक्षकों और छात्रसंघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में संविधान रंगोली भी बनाई गई थी।

# करनपाली में बच्चों नि :शुल्क गणवेश का वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला-करनापाली में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। जिससे बच्चों के चेहरे चमक उठी। साथ ही साथ परख के अन्तर्गत द्वितीय मूल्यांकन का आयोजन किया गया। परख लेगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे इस बार 4 दिसंबर को 2024 में होने वाले नेशनल अचीवमेंट सर्वे परख के द्वारा ली जायेगी इस वर्ष होने वाले नेशनल अचीवमेंट सर्वे को परख के नाम से जाना जायेगा। परख एक राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक है जिसका अर्थ है प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विष्लेषण NCERT द्वारा सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों में बच्चों के सीखने की उपलब्धियों का आंकलन करने के लिए PARAKH (परख) 4 दिसमबर 2024 को किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण आखरी बार 2021 में कक्षा 3,5,8 और 10 के लिए किया गया था। इसी तारतम्य में राज्य स्तर पर परख मूल्यांकन हेतु अनेक कदम उठाए जा रहे हैं जिसमें राज्य स्तर, जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर, संकुल केंद्र स्तर एवं विद्यालय स्तर में परख मूल्यांकन हेतु माक टेस्ट ओ एम आर सीट में लिया जा रहा है। इसी तारतम्य में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, बी आर सी सी पूर्णानंद मिश्रा के आदेशानुसार परख टेस्ट 02 का आयोजन 25 नवंबर 2024 को शासकीय प्राथमिक शाला-करनापाली के साथ-साथ विकास खण्ड बसना के सभी विद्यालयों में पूरे सप्ताह भर माक टेस्ट लिया जा रहा है। संस्था प्रमुख डॉ गिरधारी साहू एवं डॉ वीरेंद्र कुमार कर ने बताया कि परख एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण है जिसका उद्देश्य भारत की शैक्षिक प्रगति का गहन विश्लेषण प्रदान करना है, विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ संरखित किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण पालकों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य कमल लोचन स्वर्णकार ने अपने उद्बोधन में भैया बहनों को बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अपनाया था, जो बाद में 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान देश का सर्वोच्च कानून है यह शासन की संरचना, शक्ति के वितरण और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की इसका उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्राचार्य के उद्बोधन के पश्चात भारत का संविधान का भैया बहनों द्वारा मौखिक वाचन किया गया एवं शपथ ग्रहण कर संविधान दिवस कार्यक्रम का समापन किया। उपर्युक्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य मोतीलाल यादव ने किया तथा कार्यक्रम में सभी आचार्य एवं दीदीयों का विशेष सहयोग रहा उक्त सभी जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास ने दिया।

# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति संबलपुर एवं शंकरदाह में हुआ शपथ ग्रहण समारोह







पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति संबलपुर एवं शंकरदाह में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद जी रहे समिति के अध्यक्ष तारेंद्र चंद्राकर एवं महावीर सिन्हा को शपथ दिलाई। उक्त आयोजन अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किसानों को आस्वस्त किया कि मोदी सरकार किसानों की आय दुगुनी करने प्रतिबद्ध है इसके अलावा कृषकों को ऑर्गेनिक खेती जमीन को सुरक्षित सुव्यवस्थि रखने अनुरोध किया क्योकि सफल खेती विकसित भारत की नींव बनेगी। नेहरू निषाद ने सहकारिता की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सहकारिता को किसान की समृद्धि का प्रमुख अंग बताया किसानों को सहकारिता से जुड़कर जानकारियां रखने आह्वान किया कि किसान धान की फसल के सांथ मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाने ली जाने वाली फसलों को लेने प्रेरित किया। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवर मण्डल अध्यक्ष भोथली हेमन्त चन्द्राकर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिन्हा कविंद्र जैन रोहितास मिश्रा अरविंदर मुंडे राजीव सिन्हा मिश्री पटेल शेखर सिन्हा हेमन्त साहू सरपंच नरेन्द्र साहू व्यवस्थापक देवेन्द्र साहू छेदन साहू अशोक साहू रामकृष्ण ध्रुव रामकुमार सिन्हा नन्दकुमार सिन्हा राकेश सिन्हा रामा ध्रुव विश्राम साहू पंचराम आदि कृषक एवं मजदूर साथी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ





पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टोरेट में संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए दृढ़संकल्प हैं। उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, मैनपुर एसडीएम तुलसीराम मरकाम, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, जिला योजना एवं सांख्यिकी के उप संचालक ओमप्रकाश देशमुख, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में 350 विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने हेतु विद्यालय में स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम 20 नवंबर बुधवार को आयोजन किया गया । शिविर के शुभारंभ पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बी गिरिजा स्मिता पिलाई एस के पांडेय, राजेंद्र सिक्का, मोनिका ठाकुर और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिति में हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रहा । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के स्टाफ नर्स श्रीमती स्मिता पिलाई के द्वारा संपन्न किया गया ।जांच के दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बी गिरिजा ने स्वास्थ्य विभाग के कमर्चारियों एवं अधिकारियों में चिकित्सको एवं नर्सो की टीम के कार्यो की सराहना करते हुए बेहतर बताया साथ ही समस्त बच्चों के द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य जांच में हिस्सा लेने के लिए बच्चों प्रोत्साहित करते हुए दिखी। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हर साल नवोदय विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रखा जाता है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ नवदीप कुमार फिजिशियन डॉक्टर मेनका गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर आनंद सोलंकी दंत विशेषज्ञ डॉक्टर विशाखा जोशी फिजियोथैरेपी डॉक्टर डी एस बंजारे आई विशेषज्ञ शामिल रहे। इस स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में विद्यालय के 350 विद्यार्थियों ने जांच हुई तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दवाई भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर जांच कार्यक्रम में मंदोदरी सेठ जे पी साहू एस के पांडेय ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का आदेश कुमार गोस्वामी दीपक राठौर नवनीत पटेल कृष्ण कुमार राकेश सिंह वर्षा मोहन विशाखा डॉगे ममता अर्चना प्रशांत गायकवाड धनेश्वरी साहू ज्ञान प्रकाश अरूप दास राघवेंद्र सोनार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्यान्वयन और निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में पैक्स कम्प्यूटराईशन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के लिए कम्प्युटरीकरण परियोजना अनुसार राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष सहित तीन सदस्य एवं एक संयोजक सदस्य शामिल है। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण के लिए जिला के प्राथमिक, कृषि, आदिम जाति साख समितियों में राज्य शासन द्वारा नियुक्त हार्डवेयर वेंडर द्वारा, हार्डवेयर की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन कर दिया गया है। साथ ही प्राप्त हार्डवेयर इंस्टालेशन का प्रमाण पत्र मिल गया है। जिले के 67 समितियों में डेस्कटॉप, मल्टीफंक्शन डिवाइस फंक्शन, फिजीकल डिवाइस, बायोमेट्रिक स्केनर एवं यूपीएस प्रदाय किया गया है। इस दौरान उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं डॉ. उषा ध्रुव, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी प्रहलाद पुरी गोस्वामी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# जिले में अब तक 47 हजार 941 मेट्रिक टन की हुई धान खरीदी

## धान की गड़बड़ी रोकने के लिए कलेक्ट्रेट में बनाया गया नियंत्रण कक्ष

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 47 हजार 941 मेट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 10 हजार 732 किसानों से 110 करोड़ 50 लाख रूपए धान खरीदी किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नये किसान शामिल है। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 10 हजार 732 किसानों से 47 हजार 941 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके लिए 9728 टोकन जारी किए गए थे। आगामी 03 दिवस के लिए 6833 टोकन जारी किए गए हैं। खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले के 20 राईस मिलों को चावल जमा नहीं करने एवं स्टॉक सत्यापन में कमी पाए जाने के आधार पर कार्यवाही प्रारंभ करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी हैं। अब तक जिले में अवैध धान परिवहन के कुल 30 प्रकरण बनाए गए है, जिसमें 08 वाहन के साथ कुल 2235.20 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गयी है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत् निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, जहां से उपार्जन केन्द्रों के लाइव फुटेज देखे जा सकेंगे।

# अमृत सरोवर स्थल पर संविधान दिवस का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर आज संविधान दिवस मनाया गया। इसके तहत भारत के संविधान को आत्मसात् करने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान को आत्मसात् करते हुए ग्रामीणों द्वारा संविधान प्रस्तावना का वाचन कर अपने संविधान को जानने, संविधान के निर्माण संबंधित गतिविधियों का आयोजन कर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने संविधान के उद्देशिका का वाचन कर उन्हें आत्मसात करने की शपथ ली।इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्डधारी नागरिकों और छात्रों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से हुई। गतिविधियाँ चार स्तंभो पर केन्द्रीत रहा। इनमें संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जाने, संविधान का निर्माण एवं संविधान के गौरव के पर्व मनाया जाना शामिल है। संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थानों में छात्रों के लिए निबंध लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी भी दी गई। इनमें अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# नव पदस्थ कलेक्टर ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट एवं राजस्व न्यायालयो का किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिले के नव पदस्थ कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने झारखंड सीमा से लगे हुए अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और प्रशासनिक न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सघन जांच सुनिश्चित करने और न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने सीमा पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित चेक पोस्टों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्होंने कहा कि गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच करने,उनके नाम, नंबर, चालक का विवरण और लोड सामग्री को पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने संधारित पंजियो का अवलोकन किया और जांच प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया।

### सीमा पर जांच के लिए होगा संयुक्त दल का गठन

कलेक्टर कटारा ने कहा कि सभी चेक पोस्टों को मिलाकर एक संयुक्त जांच दल का गठन किया जाए, जिससे वाहनों की जांच प्रक्रिया सुचारू रूप से हो और अनावश्यक जाम की स्थिति से बचा जा सके। इसके लिए उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जल्द से जल्द कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कलेक्टर ने चेक पोस्ट पर निगरानी के लिए लगाए गए सुरक्षा कैमरों का भी निरीक्षण किया और उनकी प्रभावी कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैमरों का उपयोग न केवल सुरक्षा बढ़ाने के लिए किया जाए, बल्कि जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने में भी इसका उपयोग हो।

### न्यायालयों का निरीक्षण और लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर कटारा ने निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय और नायब तहसीलदार न्यायालय का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से वर्षों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके समय बद्ध निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों में शीघ्र निराकरण पर प्राथमिकता देने और सभी प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। वहीं कार्यरत कर्मचारियों से संवाद किया और उन्हें यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्रकरणों की सुनवाई और निराकरण तय समय-सीमा में हो और निर्वाचन शाखा और रीडर शाखा में ऑनलाइन और ऑफ्लाइन आवेदनों की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रक्रियाएं व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न हों,ताकि नागरिकों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

### जेल रोड में लगे संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया निरीक्षण

इस दौरान कलेक्टर कटारा ने संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों से व्यवस्था के संबंध में पूछा- टेस्ट व मरीजों को दिये जाने वाली दवाईयों की जानकारी ली। उन्होंने रूट निर्धारण से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिस स्थल पर गाड़ी पहुंचती है उसकी जानकारी लोगों में होनी चाहिए जिससे वे लाभ ले पाएंगे।

### धान उपार्जन केन्द्र तातापानी का लिया जायजा

कलेक्टर कटारा ने कृषि उपज मंडी प्रांगण रामानुजगंज एवं तातापानी धान खरीदी उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करते हुए धान विक्रय के लिए आए किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने नमी मापक यंत्र और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का अवलोकन करते हुए उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा लाए गए धान की नमी का सही तरीके से परीक्षण किया जाए और किसी भी किसान को अनुचित कारणों से लौटाया न जाए। और धान खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता के साथ रोजाना की गतिविधियों का रिकॉर्ड अपडेट करते हुए अधिकारियों के द्वारा इसकी निगरानी सुनिश्चित की जाए।

# प्रदेश में महिलायें असुरक्षित, सरकार के नियंत्रण से बाहर कानून व्यवस्था : दीपक बैज

## राजधानी में गैंगरेप, शिक्षक छात्रा से, डीएफओ रेंजर से गैंगरेप कर रहे, रोज 3 से 4 अनाचार की घटनाएं हो रही

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में महिलायें असुरक्षित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में फिर एक बार गैंगरेप हो गया। पिछले तीन दिन से रायपुर में रोज दुराचार की घटना हुई है। मनेन्द्रगढ़ में तीन शिक्षकों, एक वनकर्मी ने नाबालिक छात्रा के साथ गैंगरेप की घिनौनी घटना को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में डीएफओ ने महिला रेंजर से दुष्कर्म किया। सरकार के नियंत्रण से कानून व्यवस्था बाहर हो चुकी है। जिस राजधानी में एक साल पहले तक महिलायें रात को 11 बजे भी बेखौफ हो कर अपने घरों से बाजार चली जाती थी, वहीं पर शाम को 6 बजे के बाद आम आदमी घर से निकलने में डरता है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के क्षेत्र में ही बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मुख्यमंत्री के गृह ब्लाक में नाबालिक स्कूली छात्रा से गैंगरेप हुआ, आरोपी अब तक फरार हैं। कोरबा में स्कूल छात्रा से 5-5 लोगों ने दुष्कर्म किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेलगाम हो गये है। आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। पुलिस दावा करती है रायपुर में चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है जबकि पुलिस के आंकड़ों में ही धारदार नुकीले हथियार से घायल लोगों की संख्या चाकूबाजी से चार गुना अधिक है। चाकूबाजी घटना को कम दिखाने पुलिस चाकू के बजाय नुकीले धारदार हथियार से हमला लिखती है, दावा करती है चाकूबाजी की घटना कम हो गयी है। रायपुर शहर में नवंबर माह में अभी तक 23 से अधिक हत्याएं हुई है। प्रदेश का हर नागरिक डरा हुआ है। महिलायें असुरक्षित है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं बढ़ गयी है। एक ही दिन में राजधानी के विधानसभा के पास आमासिवनी में शराब दुकान के सामने दो-दो हत्याये हुई, पुरानी बस्ती थाने के चंद कदमों की दूरी पर पेट्रोल डालकर एक युवक को जिंदा जला दिया गया, तेलीबांधा में गवाह को धमकाने अपराधियों ने हमला कर दिया, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है, गैंगवार हो रहे हैं। दीवाली के दिन ही राजधानी रायपुर में 9 हत्या हुई, दुर्ग में 4 हत्याएं हुई। रायपुर में रोज हत्याएं हो रही है लेकिन यह सरकार आपराधिक घटनाओं को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। राजधानी में 11 माह में 5 गोली कांड हुआ, अंतरराज्यीय गैंगस्टर रायपुर तक पहुंच गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह सारी घटनाएं बताती है कि भाजपा के राज में अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। सरकार की विफ्लता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरणों में तेजी लाने आयुक्त ने दिए निर्देश




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय भवन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, वरिष्ठ अभियंता जल बद्री चंद्राकर, नगर निवेशक आभाश मिश्रा, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति में हुई. साप्ताहिक टीएल बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर कॉल सेंटर, आयुष्मान कार्ड, ईकेवाईसी, आधार सीडिंग, रायपुर नगर पालिक निगम के हित में बकाया राजस्व वसूली, राजीनामा के प्रकरणों में प्राथमिकता देकर तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए. नियमितीकरण के प्राप्त प्रकरणों को नियमानुसार तत्काल प्रस्ताव तैयार करने कहा गया, ताकि उन्हें अनिवार्य सक्षम स्वीकृति हेतु प्रक्रिया के अंतर्गत विचारार्थ रायपुर जिला कलेक्टर के समक्ष उचित माध्यम से शीघ्र प्रस्तुत किया जा सके. बैठक में प्रगतिरत विकास कार्यों की जानकारी ली गयी एवं सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं को सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्र विकास कार्यों को जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से पूर्ण करवाने निर्देशित किया गया. नगर निवेश विभाग के अभियंताओं को अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माणों पर कार्यवाही निरन्तर जारी रखने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए. आसन्न नगरीय निकाय निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए प्रगतिरत कार्यों को सतत मॉनिटरिंग कर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# गाड़ा महासभा ने किया संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## केंद्रीय गाड़ा महासभा कराएगा समाज का आम चुनाव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिविल लाइन स्थित वृंदावन भवन में केंद्रीय गांडा महासभा के द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर संपूर्ण समाज का केंद्रीय करण करने के लिए, समाज ने लोकतांत्रिक प्रणाली से आम चुनाव एवं समाज को संचालित करने के लिए समाज का केन्द्रीय नियम बनाने का बड़ा निर्णय लिया। इसके लिए गाड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल के अध्यक्षता में संचालन समिति का निर्माण किया गया। इस अवसर पर संयोजक निहाल ने कहा कि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण कार्य का अखिरकार शुभारंभ हो गया इसे अंजाम तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बाबा साहब के तेलचित्र पर पुष्प अर्पित कर गोमबत्ती जलाया, तदोपरांत वरिष्ठ अधिवक्ता जन्मजय सोना ने संविधान का वाचन कराया, सभी अपने स्थान पर खड़े होकर संविधान का वाचन किया। मंच पर उपस्थित वक्ताओं ने संविधान की व्याख्या की सभी वक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर एवं संविधान के बारे में विस्तार से बताएं बाबा साहब के द्वारा समाज एवं देश के लिए किए गए कार्यों के प्रति कृतज्ञता जताया संविधान में नागरिकों को दिये गए अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में बताया गया। संविधान दिवस के अवसर पर केंद्रीय गांडा महासभा ने समाज का केंद्रीय नियम का प्रारूप लाया, इसे अंतिम रूप देने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवीयों एवं समाज सेवकों के साथ आगामी दिनों में संचालन समिति की बैठक होगी, जिस पर सर्व सहमति से समाज का केंद्रीय नियम एवं आम चुनाव कराने के चर्चा होगी।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने संविधान दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने विधि और न्याय मंत्रालय के प्रो बोनो क्लब और कलिंगा विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के सहयोग से 75वें संविधान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और देश के कानूनी ढांचे को आकार देने में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ की पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई, तथा हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर और यूजी कार्यक्रमों के अधिष्ठाता डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत विधि विभाग की प्रमुख सलोनी त्यागी श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और कलिंगा विश्वविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री हर्षा शर्मा ने प्रेरणादायी भाषण दिए, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अपना समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक आयोजन डॉ. अंजू हरबंश, सुश्री एकता चंद्राकर और कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय की सहायक प्रोफेसर अंशिका वत्स द्वारा किया गया। एजेंडे में संविधान के महत्व, आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता तथा संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखने में कानूनी पेशेवरों और छात्रों की भूमिका पर आकर्षक चर्चाएं शामिल थीं। इस सत्र में कानूनी जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता पर जोर देकर समारोह को और समृद्ध बनाया गया, जो कानूनी शिक्षा को बढ़ावा देने और न्याय को बनाए रखने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली। कार्यक्रम का समापन विधि संकाय की हरलीन कौर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे उपस्थित लोग साझा की गई अंतर्दृष्टि से प्रेरित हुए तथा उन्होंने भारत के संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# रिसाली टाउनशिप के बैक लेन की सफाई के लिए बनेगा प्लान, बंद स्ट्रीट लाइन का होगा सर्वे



पायनियर संवाददाता ‹ रिसाली
www.dailypioneer.com

रिसाली निगम क्षेत्र में आने वाले टाउनशिप मरोदा सेक्टर, रिसाली सेक्टर, रूआबांधा सेक्टर के बैक लेन की सफाई करने योजना बनेगी। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सफाई संबंधी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने निगम प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे सफाई को लेकर गंभीर है। अधिकारी निगम के साथ सहयोगात्मक रवैय्या अपनाऐंगे। महापौर की अध्यक्षता में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के साथ स्वच्छता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर परिषद के सद्स्यों ने सिवरेज लाइन और बैक लेन की सफाई नहीं होने के विषय को प्रमुखता से उठाया। इस पर बीएसपी के अधिकारियों ने कहा कि बैक लेन की सफाई करने वे विशेष रूप से कार्य योजना तैयार करेंगे। बैठक में महापौर परिषद के संजू नेताम, जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव पार्षद जमुना ठाकुर, शीला नारखेड़े वहीं बीएसपी की ओर से के.के. यादव, आर.के. गर्ग, गोपाल वर्मा, शरद व नायडू उपस्थित थे।

### बी.एस.पी. और व्यापारियों की होगी बैठक

महापौर ने रिसाली बीएसपी मार्केट की सफाई व्यवस्था को प्रमुखता से उठाया। साथ ही जगह-जगह कचरे के ढेर को उठाने निर्देश दिए। मार्केट क्षेत्र की सफाई के लिए व्यापारियों से बैठक कर समस्या को दूर करने और कटिंग के बाद झाड़ियों को शीघ्र उठाने का आश्वासन दिया।

### प्रकाश व्यवस्था के लिए होगा सर्वे

बीएसपी टाउनशिप में चरमराई प्रकाश व्यवस्था पर जनप्रतिनिधियों ने प्रमुखता से बात रखी। इस पर बीएसपी ने जल्द सर्वे कर आवश्यकता अनुसार स्ट्रीट लाइट को दुरूस्त करने की बात कही।

### डेड एनिमल की शिकायत पर 24 घंटे में निराकरण

चर्चा के दौरान बीएसपी के अधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप के घुमने वाले आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया जाएगा। वही मृत जानवरों को उठाने उन्होंने टेंडर किया है। मृत जानवर होने की सूचना पर वे तत्काल कार्यवाही कर समस्या का निराकरण करेंगे।


CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/Safety/P/T-264/24/3446 Marwa, dtd. 26-11-2024

NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-176/2024: -

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply of material as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-II/P/ T-264/24 | 8100040383 | Supply of Face Mask with HEPA Filter for officers and employees of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Janjgir-Champa. | 23.12.2024 15:30 Hrs | Rs.590/- (500/-+ GST @18%) | Rs. 12,600/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

SUPRINTENDING ENGINEER (Procurement)
O/o Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS,CSPGCL,Janjgir-Champa

SAVE ELECTRICITY संवाद-42235/1

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

क्रमांक/लो.क.वि./2024/1444 रिसाली, दिनांक 27-11-2024

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से ई-निविदा क्रं. 161908 आमंत्रित की जाती है।

**(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)**

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रिसाली

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-दुर्ग (छ.ग.)
कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग फोन नं.0788-2322071, फैक्स नं. 0788-2311999

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक :- पु.अ/दुर्ग/01/2024 दिनांक 25.11.2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //
वर्ष 2023-24

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुलिस अधीक्षक, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा निर्माण कार्य हेतु मोहरबंद निविदा प्रपत्र-अ में ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र के लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रक्षित केंद्र दुर्ग में बैरक क्रमांक-01 निर्माण कार्य | 20-00 लाख | 20,000 रु | 02 माह |

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तों के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदाएं प्रस्तुत करना होगा।

| क्रमांक | विवरण | समय व स्थान |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकारों की श्रेणी | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी (द) या उससे उच्च श्रेणी |
| 02 | निविदा फार्म की कीमत | 750/-रुपये |
| 03 | निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थान | पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुर्ग |
| 04 | निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | 24.12.2024 समय 17.00 बजे तक |
| 05 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.12.2024 समय 15.00 बजे तक |
| 06 | टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय | 25.12.2024 समय 16.00 बजे तक |
| 07 | फायनेंशियल बिड खोलने का समय | पृथक से अवगत कराया जायेगा। |

**नोट :-** 01. निर्माण कार्य हेतु निविदा के नियम कार्यालयीन समय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त किये जा सकते हैं। 02. स्थल का चयन पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। 03. आकस्मिक स्थिति में निविदा खुलने की तिथि अल्प सूचना पर बदली जा सकती है। 04. उपरोक्त किसी भी तिथि में शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा। 05. किसी भी प्रकार के विवादों के निपटारा में पुलिस अधीक्षक, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

G-242504068/3

पुलिस अधीक्षक
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO:39/ZONE 07/2024 RAIPUR DATED: 27/11/2024

Online bids are invited for the following works up to 19/12/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 161694 | संत रामदास वार्ड क्रं. 25 अंतर्गत कर्मा चौक में सौन्दर्यीकरण कार्य। | 35.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarhe-Procurement Port: https://eproc.cgstate.gov.infrom 27, 11.2024, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

**NOTE: -**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help helpdesk.eproc@cgswan.gov.in Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

Zone Commissionr
Zone 07
Municipal Corporation Raipur (C.G.)

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060131913471, गणेशराम टंडन (ऋणी), श्रीमत प्रतिमा देवी टंडन (सहऋणी) | 11-सितम्बर-24 ₹ 6,43,761/- छः लाख तेतालीस हजार सात सौ इकसठ रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 121-14, पीएच नं. 42-26, मैन रोड, ग्राम घोघरा आरएनम घीरसा, तहसील भातगांव, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर | 22-नवम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120721462, लेखराम साहू (ऋणी), श्रीमती भानमती साहू (सहऋणी) | 13-जून-24 ₹ 14,53,744/- चौदह लाख तिरेपनहजार सात सौ चवालीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित खसरा नं. 2811/55 नया (2811/28 पुराना) का भाग, पीएच नं. 23, अमेरा, जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 2811/54 नया (2811/28 पुराना) का भाग, पीएच नं. 23, अमेरा, बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर | 22-नवम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127777862, कमल चश्मा घर (ऋणी), श्रीमती दीपा साहू (सहऋणी), विमल कुमार साहू (सहऋणी) | 12-जुलाई-24 ₹ 10,12,772/- दस लाख बारह हजार सात सौ बहत्तर रूपये मात्र 11-जुलाई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 1240/42, ग्राम एवं जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 60.78 वर्ग मीटर | 22-नवम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127765897, नरेंद्र दास (ऋणी), श्रीमती खुमान बाई साहू (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 8,91,856/- आठ लाख इक्यावन हजार आठ सौ छप्पन रूपये मात्र 11-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपत्ति स्थित पी एच नं. 14 खसरा नंबर 99, गाँव- खैरागढ़, जिला- राजनन्दगाँव, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 287.03 वर्ग गज | 22-नवम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 27/11/2024
स्थान: छत्तीसगढ़

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

### वाहनों से प्रदूषण दिल्लीवासियों का संकट

हर साल 26 नवंबर को भारत संविधान दिवस मनाता है। यह दिन 1949 में भारतीय संविधान को अपनाने की याद दिलाता है, जो एक ऐतिहासिक घटना थी जिसने भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार की नींव रखी। जैसा कि हम इस महत्वपूर्ण अवसर पर विचार करते हैं, इस कानूनी दस्तावेज के निर्माण, कार्यप्रणाली और भविष्य की चुनौतियों को समझना अनिवार्य है जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लिए मार्गदर्शक शक्ति रहा है। भारत की विविधता और जटिलताओं को देखते हुए भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करना एक असाधारण उपलब्धि थी। 1947 में स्वतंत्रता के बाद, 299 सदस्यों वाली संविधान सभा ने एक नए स्वतंत्र लेकिन विविधतापूर्ण राष्ट्र के लिए संविधान तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर ने मसौदा समिति की अध्यक्षता की और सुनिश्चित किया कि यह दस्तावेज न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को प्रतिबिंबित करे। मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया को पूरा करने में सभा को 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे, जिसके दौरान इसने विस्तृत बहस और विचार-विमर्श किया। संयुक्त राज्य अमेरिका, आयरलैंड और कनाडा जैसे विभिन्न देशों के संविधानों से प्रेरणा लेते हुए, भारतीय संविधान ने सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल किया और उन्हें भारतीय वास्तविकताओं के अनुरूप ढाला। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ, जिसने भारत गणराज्य के जन्म को चिह्नित किया। भारतीय संविधान, अपने 448 अनुच्छेदों, 12 अनुसूचियों और कई संशोधनों के साथ, दुनिया के सबसे विस्तृत संविधानों में से एक है। इसकी मुख्य ताकत इसकी लचीलापन और अनुकूलनीयता में निहित है। अपने मूलभूत सिद्धांतों में कठोर होने के बावजूद, यह उभरते सामाजिक-राजनीतिक चुनौतियों को संबोधित करने के लिए संशोधनों की अनुमति देता है। अपने गोद लेने के बाद से, संविधान ने राष्ट्र को विभाजन, आर्थिक संकट और सामाजिक उथल-पुथल सहित कई चुनौतियों के माध्यम से मार्गदर्शन किया है, जिससे निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित हुई है। अपनी सफलता के बावजूद, भारतीय संविधान कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत को संसाधन आवंटन, विधायी शक्तियों और प्रशासनिक स्वायत्तता को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है, जबकि संवैधानिक संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका के बावजूद न्यायिक सक्रियता और पारदर्शिता के बारे में चिंताएँ बनी हुई हैं। धनबल, राजनीति का अपराधीकरण और घटता मतदाता मतदान जैसे मुद्दे तत्काल सुधार की मांग करते हैं। साथ ही, संवैधानिक सुरक्षा उपायों के बावजूद जाति-आधारित भेदभाव, लैंगिक असमानता और क्षेत्रीय असमानताएं देश की प्रगति को कमजोर कर रही हैं। डिजिटल युग में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। जैसे-जैसे भारत एक गणतंत्र के रूप में अपनी शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए संस्थानों को मजबूत करके, सहभागी लोकतंत्र को बढ़ावा देकर, धर्मनिरपेक्ष और बहुलवादी लोकाचार को कायम रखते हुए और यह सुनिश्चित करके संविधान के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करने की सख्त जरूरत है कि संवैधानिक संशोधन इसके मूल सिद्धांतों को संरक्षित करें।



# राजनीति में लैंगिक पूर्वाग्रह

**दुनिया पितृसत्तात्मक मानसिकता, लिंगवाद और श्रम के लैंगिक विभाजन में गहराई से उलझी हुई है। मुख्य राजनीतिक कार्यकारी के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में अधिक है।**



अर्चना दत्ता
(लेखिका दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)



**साक्ष्य यह भी बताते हैं कि महिलाओं का राजनीतिक करियर अक्सर 'पारिवारिक और संबंधपरक विचारों' से प्रभावित होता है, और यदि उन्हें अपने करियर की उपलब्धियों के लिए अधिक लागत का सामना करना पड़ता है, तो वे ऐसे उद्देश्यों को पूरा करने से कतराती हैं। साथ ही, अन्य शोधकर्ताओं ने मतदाताओं के पूर्वाग्रह और भेदभाव की ओर इशारा किया जो महिलाओं की चुनावी संभावनाओं में मात्रात्मक रूप से मायने रखते हैं। यहां तक कि राजनीतिक दल के नेता भी गेट-कीपर के रूप में कार्य करते हैं, यदि वे महिलाओं के प्रति मतदाताओं के पूर्वाग्रह के बारे में जानते हैं, और वोट-अधिकतम करने की रणनीति के रूप में महिला दावेदारों के बजाय पुरुष उम्मीदवारों को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं।**

डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी बार चुनावी जीत के बाद, एक प्रमुख अमेरिकी दैनिक ने पांच हजार से अधिक महिला मतदाताओं के बीच उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए एक सर्वेक्षण किया। उनमें से अधिकांश ने 'अधिकारों' के ह्रास और 'उनके प्रजनन भविष्य' के बारे में चिंता व्यक्त की, और 'दुख', 'डरावना', 'निराशा', 'पीड़ा', 'विश्वासघात' और 'दिल टूटने' जैसी भावनाओं को व्यक्त किया। कुछ पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की टिप्पणियों में भी निराशा दिखी, क्योंकि उनमें से कई ने महसूस किया कि उनकी आवाज़ 'पहले से कहीं ज्यादा दबा दी गई' और उन्हें 'खाली हाथ' छोड़ दिया गया। जबकि एक 36 वर्षीय महिला ने अफसोस जताया कि 'यह स्पष्ट है कि पुरुष सत्ता पर कब्ज़ा करना चाहते थे- इस चुनाव में लिंगभेद ने जीत हासिल की'। जबकि, एक अन्य प्रमुख अमेरिकी दैनिक ने हैरिस की हार का कारण 'गर्भपात के अधिकार' और 'लोकतंत्र की सुरक्षा' जैसे मुद्दों पर उनके ज्यादा ज़ोर देना और अर्थव्यवस्था या आव्रजन की स्थिति पर पर्याप्त ध्यान न देना बताया, जिसे कई अमेरिकी सबसे ज्यादा दबाव वाले मुद्दे मानते हैं। दूसरी ओर, हैरिस ने अपने समर्पण भाषण में अपने समर्थकों से सतर्क रहने और अपने मूल्यों के लिए लड़ते रहने का आग्रह किया। फिर भी, प्रजनन स्वतंत्रता के लिए काम करने वाले कई गैर-लाभकारी संगठनों ने डेमोक्रेट्स से %अपनी पार्टी और राष्ट्र दोनों के भीतर लिंगभेद का सीधे सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना विकसित करने का आग्रह किया - जिसने हैरिस और हिलेरी क्लिंटन दोनों को बाधित किया%, जो एक प्रमुख पार्टी के राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन जीतने वाली एकमात्र महिला हैं। अमेरिका में, 2023 में महिलाओं ने कांग्रेस की 28 प्रतिशत सीटों पर कब्जा कर लिया, जबकि डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन पर बढ़त हासिल की, 41 प्रतिशत सीटों के साथ, और रिपब्लिकन के पास केवल 15.4 प्रतिशत सदस्य थे।

महिलाएँ सभी राज्य विधायकों में 32.7 प्रतिशत हैं, डेमोक्रेट में 48 प्रतिशत और रिपब्लिकन में 20 प्रतिशत हैं। डेमोक्रेटिक महिलाएँ 26 राज्य विधानसभाओं में डेमोक्रेटिक पुरुषों के बराबर या उससे ऊपर हैं। जबकि रिपब्लिकन महिलाएँ सभी राज्यों में रिपब्लिकन पुरुषों के बराबर नहीं हैं, 47 राज्य विधानसभाओं में रिपब्लिकन सीटों का एक तिहाई या उससे कम हिस्सा रखती हैं। अध्ययनों ने टिप्पणी की है कि पार्टियों में लिंग भूमिकाओं के बारे में प्रचलित मान्यताएँ और दृष्टिकोण राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नियंत्रित करते हैं, और रूढ़िवादियों के बीच अधिक पारंपरिक धारणा बनी हुई है कि %महिलाओं की सफलता पुरुषों की कीमत पर है% (रटगर्स विश्वविद्यालय में अमेरिकी महिला और राजनीति केंद्र)। हालाँकि, यह केवल यूएसए ही नहीं है जिसने कभी भी सर्वोच्च राजनीतिक पद पर किसी महिला को नहीं चुना, बल्कि स्वीडन जैसे कई सबसे सामाजिक और आर्थिक रूप से उन्नत देशों में, अधिकांश संस्थानों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का अच्छा रिकॉर्ड होने के बावजूद, संसद में 47.5 प्रतिशत और मंत्रिपरिषद में 54.5 प्रतिशत, कभी भी प्रधान मंत्री के रूप में एक महिला नहीं रही है। पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया के देशों ने राजनीतिक सशक्तिकरण (डब्ल्यूईएफ) में काल्पनिक 100 प्रतिशत लिंग अंतर का केवल 15 प्रतिशत ही बंद किया है। जबकि भारत, सबसे बड़ा लोकतंत्र, वर्तमान लोकसभा में महिलाओं की बहुत कम उपस्थिति (13.62 प्रतिशत) है। पिछले साल एक कानून पारित किया गया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई थीं, लेकिन इसका क्रियान्वयन निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने तक स्थगित कर दिया गया है। भारत में एक महिला प्रधानमंत्री और दो महिला राष्ट्रपति थीं। लेकिन, गहरी संरचनात्मक और प्रणालीगत कठिनाइयों (राजे, 2019) ने महिलाओं का खराब प्रतिनिधित्व किया, जिसके परिणामस्वरूप शासन और निर्णय लेने में 'लोकतांत्रिक कमी' हुई (रहमान और राव, 2004)। भारत ने 90 के दशक की शुरुआत से ही ग्रामीण-शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की, फिर भी, कई सर्वेक्षणों में पाया गया कि अधिकांश महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 'लिंग-आधारित भेदभाव' की सूचना दी, और कई स्थानों पर, उनके पुरुष रिश्तेदारों, विशेष रूप से पतियों ने 'प्रॉक्सी' भूमिकाएँ निभाईं। राजनीति में इस असमान शक्ति समीकरण के कारणों की व्याख्या करते हुए, अध्ययनों (फॉक्स और लॉलेस, 2004) ने स्पष्ट किया कि 'महत्वाकांक्षा में लिंग अंतर' है क्योंकि राजनीतिक उम्मीदवारों के रूप में आवश्यक पेशेवर और आर्थिक साख वाली कई योग्य महिलाएँ अक्सर 'कार्यकारी कार्यालयों के लिए दौड़ने के लिए कम प्रोत्साहित महसूस करती हैं और उनका मानना है कि वे पुरुषों की तुलना में ऐसे कार्यालयों के लिए कम योग्य हैं'।

साक्ष्य यह भी बताते हैं कि महिलाओं का राजनीतिक करियर अक्सर 'पारिवारिक और संबंधपरक विचारों' से प्रभावित होता है, और यदि उन्हें अपने करियर की उपलब्धियों के लिए अधिक लागत का सामना करना पड़ता है, तो वे ऐसे उद्देश्यों को पूरा करने से कतराती हैं। साथ ही, अन्य शोधकर्ताओं ने मतदाताओं के पूर्वाग्रह और भेदभाव की ओर इशारा किया जो महिलाओं की चुनावी संभावनाओं में मात्रात्मक रूप से मायने रखते हैं। यहां तक कि राजनीतिक दल के नेता भी गेट-कीपर के रूप में कार्य करते हैं यदि वे महिलाओं के प्रति मतदाताओं के पूर्वाग्रह के बारे में जानते हैं, और वोट-अधिकतम करने की रणनीति के रूप में महिला दावेदारों के बजाय पुरुष उम्मीदवारों को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं (एस्टेव-वोलार्ट और बैग्स (2012)। फिर भी, पश्चिमी यूरोप में विश्व मूल्य सर्वेक्षण (2017-2020) की नवीनतम लहर के आंकड़ों से पता चला है कि 20 प्रतिशत से भी कम सर्वेक्षण उत्तरदाताओं ने इस कथन से सहमति व्यक्त की है कि पुरुष महिलाओं की तुलना में बेहतर राजनीतिक नेता बनाते हैं।

अब, इसका समाधान क्या है? स्वीडन (बेस्ले एट अल., 2017) जैसे विभिन्न देशों में उम्मीदवारों की सूची में लैंगिक कोटा लागू करना महिलाओं को सशक्त बनाने और निर्वाचित राजनेताओं की गुणवत्ता में सुधार करने में कमोबेश प्रभावी है, खासकर उम्मीदवारों की सूची की संरचना को विनियमित करके (कैम्पा और हॉसर, 2020)। कई लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि एक संयुक्त राजनीतिक-आर्थिक रणनीति जो श्रम बाजार में महिलाओं के समावेश पर जोर देती है, और जोड़ों के भीतर आर्थिक भूमिकाओं का पुनर्वितरण करती है, लैंगिक-भूमिका दृष्टिकोण को बदल सकती है और महिलाओं को राजनीतिक सत्ता के पदों पर प्रवेश करने में मदद कर सकती है (फोल्के और रिकने, 2020 और कैम्पा और सेराफिनेली, 2019)। चूंकि दुनिया पितृसत्तात्मक मानसिकता, लिंगवाद और श्रम के लैंगिक विभाजन में गहराई से उलझी हुई है, मुख्य राजनीतिक कार्यकारी के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में 9 से 1 से अधिक है।

# भारत में चिकित्सा पर्यटन

**विदेश में रहने वाले भारतीय प्रवासी भी सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल के लिए तेजी से भारत लौट रहे हैं।**



आरके सिन्हा
(लेखक, राज्यसभा के पूर्व सांसद हैं)

हाल ही में, ब्रिटेन के राजा चार्ल्स अपनी पत्नी, रानी कैमिला के साथ एक निजी यात्रा पर भारत आए। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान, वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक समग्र स्वास्थ्य केंद्र में रुके, जहाँ उन्होंने योग, ध्यान सत्र और योग चिकित्सा में भाग लिया। यह दर्शाता है कि सामान्य रोगियों से लेकर राजघरानों तक, वैश्विक अभिजात वर्ग भी भारत के आधुनिक डॉक्टरों और पारंपरिक उपचार विधियों से अच्छे स्वास्थ्य और युवावस्था को बनाए रखने के लाभों को महसूस कर रहे हैं। हाल के वर्षों में, भारत हृदय रोग, हड्डी के विकार, किडनी और लीवर प्रत्यारोपण, दंत चिकित्सा, कैंसर और यहां तक कि लाइलाज मानी जाने वाली बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन गया है। मरीज न केवल दक्षिण एशियाई देशों से बल्कि अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और यहां तक कि पश्चिमी देशों से भी हर साल लाखों की संख्या में आ रहे हैं। सस्ती और सफल आधुनिक चिकित्सा उपचारों के साथ-साथ आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आहार विज्ञान और बाजरा आधारित चिकित्सा जैसी पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियाँ विदेशी रोगियों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। उदाहरण के लिए, केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री, रैला ओडिंगा की बेटी ने केरल के एर्नाकुलम में श्रीधरेयम आयुर्वेदिक नेत्र अस्पताल में उपचार प्राप्त करने के बाद अपनी दृष्टि वापस पा ली।

इस सफलता के कारण भारत में आयुर्वेदिक उपचार चाहने वाले पूर्वी अफ्रीका के रोगियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। देहरादून की अपनी लगातार यात्राओं के दौरान, मैं अक्सर उड़ानों और ट्रेनों में सभी उम्र और व्यवसायों के पुरुषों और महिलाओं से मिलता हूं। उनमें से कई दो सप्ताह से लेकर तीन महीने तक के प्रवास के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून जैसे स्थानों पर आश्रमों या स्वास्थ्य केंद्रों की ओर जाते हैं।

उनके ठहरने की अवधि और लागत - जो अक्सर लक्जरी पाँच सितारा होटल दरों के बराबर या उससे अधिक होती है - उनकी स्थिति की गंभीरता और आवश्यक उपचार पर निर्भर करती है। पारंपरिक उपचारों के अलावा, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ जैसे शहरों के आधुनिक अस्पताल अपनी उपस्थिति को बेहतर बनाने के लिए कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं की तलाश करने वाले बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय रोगियों को आकर्षित कर रहे हैं। प्लास्टिक सर्जन हर महीने दर्जनों विदेशी मरीजों को जले हुए घाव की मरम्मत, बाल प्रत्यारोपण और त्वचा कसने की प्रक्रियाओं जैसे उपचारों के लिए देखते हैं। यह प्रवृत्ति भारत के लिए अधिक विदेशी रोगियों को आकर्षित करने का एक सुनहरा अवसर दर्शाती है। चिकित्सा पर्यटन न केवल मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित करता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी समर्थन देता है, क्योंकि मरीज अक्सर देखभाल करने वालों के साथ आते हैं जो हफ्तों या महीनों तक होटलों में रहते हैं।

विदेश में रहने वाले भारतीय प्रवासी भी सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल के लिए तेजी से भारत लौट रहे हैं। भारत की बढ़त यूरोप या अमेरिका में समान सेवाओं की लागत के एक अंश पर शीर्ष-स्तरीय प्री-और पोस्ट-सर्जिकल देखभाल प्रदान करने में निहित है। भारत में कॉस्मेटिक सर्जन वसा घटाने और त्वचा कसने जैसी प्रक्रियाओं की मांग करने वाले रोगियों का इलाज करते हैं, क्योंकि उम्र बढ़ने और पर्यावरणीय कारक त्वचा संबंधी समस्याओं को बढ़ाते हैं। सौंदर्य उपचारों के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, पुरुष और महिला दोनों ही कॉस्मेटिक और सर्जिकल समाधानों का विकल्प चुन रहे हैं।

विश्व स्तर पर, सालाना लाखों कॉस्मेटिक सर्जरी की जाती हैं, जिसमें अमेरिका इस क्षेत्र में अग्रणी है। शुरुआत में महिलाओं के बीच लोकप्रिय होने के बावजूद, प्लास्टिक सर्जरी अब पुरुषों के बीच भी उतनी ही आम है। मोटे तौर पर, प्लास्टिक सर्जरी को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- कॉस्मेटिक सर्जरी, जो दिखावट को निखारती है, और पुनर्निर्माण सर्जरी, जो चोटों, बीमारियों या जन्म दोषों से होने वाले नुकसान की मरम्मत करती है। भारत अपने उच्च योग्य चिकित्सा पेशेवरों, उन्नत उपकरणों और लागत प्रभावी उपचारों के साथ, चिकित्सा पर्यटन में एक बड़ी छलांग लगाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

भारत में उपचार की लागत अमेरिका की तुलना में लगभग एक-चौथाई है, गुणवत्ता से समझौता किए बिना। यदि भारत रणनीतिक रूप से इस क्षेत्र को मजबूत करता है, तो रोगी थाईलैंड, सिंगापुर, चीन और जापान जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत को अधिक पसंद करेंगे, जो चिकित्सा पर्यटकों के लिए भी होड़ कर रहे हैं। चिकित्सा पर्यटन वैश्विक स्तर पर कई अरब डॉलर का उद्योग है। एक बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए, भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अस्पताल और क्लीनिक विकसित करने चाहिए, कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स और प्रत्यारोपण जैसे क्षेत्रों में विशेष देखभाल प्रदान करनी चाहिए और टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाना चाहिए। भारत की बाजरा-आधारित चिकित्सा भी एक अनूठी बढ़त प्रदान करती है। पद्म श्री पुरस्कार विजेता डॉ. खादर वली का दावा है कि बाजरा बिना किसी दवा के छह सप्ताह से छह महीने के भीतर सबसे गंभीर बीमारियों को भी ठीक कर सकता है। इस तरह के अनूठे दृष्टिकोण, सरकार से मजबूत नीति समर्थन के साथ, भारत की चिकित्सा पर्यटन क्षमता को और बढ़ा सकते हैं। मार्केटिंग अभियान, रोगी-केंद्रित पैकेज, वीज़ा सुविधा, भाषा अनुवाद सेवाएँ और आवास व्यवस्थाएँ भारत को अंतर्राष्ट्रीय रोगियों के लिए अधिक आकर्षक गंतव्य बना सकती हैं। आँकड़े खुद ही अपनी कहानी बयां करते हैं- 2022 में 14 लाख विदेशी रोगी इलाज के लिए भारत आए। 2030 तक सालाना 1 करोड़ अंतरराष्ट्रीय रोगियों को आकर्षित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए, भारत को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करनी चाहिए और विशेषज्ञता के विशिष्ट क्षेत्रों को विकसित करना चाहिए। उचित योजना और क्रियान्वयन के साथ, भारत खुद को चिकित्सा पर्यटन के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।

## आप की बात

### जी-20 में भारत

भारत जी- 20 सम्मेलन में अपने निजी मामलों को भी सुलझाने में दिलचस्पी ले रहा है। सम्मेलन में उपस्थित कई राष्ट्र अध्यक्षों से विवादित मामलों पर सकारात्मक निदान से भारत ने एक तीर कई निशाने साधने की जो कोशिश की है वह अवश्य रंग लाएगी। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी हुआ विचार विमर्श भारत की किसी भी मामले के समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताता है। रियो डी जनेरियो में जी-20 सम्मेलन अपने उद्देश्यों के अलावा सदस्य देशों की आपसी चर्चा विचार विमर्श और सहमति के लिए भी जाना जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर से भी मुलाकात की जो भारत के आर्थिक अपराधी विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यारोपण को लेकर थी। प्रत्यारोपण का मामला ब्रिटेन ने कानूनी उलझन में डालकर उलझा रखा है। इसके अलावा मोदी ने इटली, फ्रांस, पुर्तगाल और नार्वे के राष्ट्रीय अध्यक्षों से भी भेंट में अहम चर्चाएं की। भारत ने अपने निजी मामलों के अलावा आपसी सार्वजनिक हितों को भी चर्चा में रखा ताकि उन पर सहमति बनाकर समन्वित लाभ सबको मिल सके। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार के लिए अगले साल चर्चा पर बनी सहमति बड़ी उपलब्धि है इससे दोनों देशों के आर्थिक हित सधेंगे ही।

–अमृतलाल मारू, इंदौर

### अमेरिकी नीतियां

ट्रंप का पिछला शासन भारत-अमेरिका संबंधों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। अमेरिका प्रथम नीति के तहत ट्रंप ने अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों में नए आयाम जुड़े। ट्रंप प्रशासन की व्यापार नीतियों ने भारतीय उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाकर भारतीय उद्योगों को प्रभावित किया। इस्पात और एल्युमिनियम पर शुल्क तथा एच-1बी वीज़ा नियमों को सख्त बनाने से भारतीय आईटी पेशेवरों और उद्योगों को झटका लगा। उदाहरण के लिए, कई भारतीय कंपनियों को अमेरिकी परियोजनाओं में कटौती करनी पड़ी। हालांकि, इन चुनौतियों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति दी और घरेलू उद्योगों ने नए बाजार तलाशने शुरू किए। सामरिक दृष्टि से ट्रंप प्रशासन ने भारत के साथ संबंध मजबूत किए। मेजर डिफेंस पार्टनर का दर्जा और क्वाड जैसे मंचों पर भारत की भूमिका को प्रोत्साहन मिला। अपाचे और सीहॉक हेलीकॉप्टर जैसे हथियारों की आपूर्ति ने भारतीय सेना को सशक्त बनाया। लेकिन रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद पर अमेरिकी आपत्ति ने भारत की स्वतंत्र रणनीति की अनिवार्यता को स्पष्ट किया। भारत को अमेरिकी निर्भरता कम कर अपने व्यापार और सामरिक संबंधों में संतुलन बनाना होगा। यूरोप, अफ्रीका, और एशिया में नए साझेदार तलाशने होंगे।

–अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़

### विदेशों पर निर्भरता

1980 के दशक से रोज़गार आधारित शिक्षा पर अत्यधिक ज़ोर दिए जाने के कारण भारत विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित आधारभूत सिद्धांतों के शोध और अध्ययन में पिछड़ सकता है जिससे नए सिद्धांतों के प्रतिपादन, नई खोजों, आविष्कारों आदि में हमारी प्रगति पर प्रभाव पड़ेगा। ऐसी ही चेतावनी कुछ दशकों पूर्व ज्ञान आयोग ने भी दी थी। उदाहरणार्थ, डिजिटल क्षेत्र में हम पहले से बने ऐप्स और सॉफ्टवेयर के उपयोग सीखकर रोज़गार पा सकते हैं लेकिन इस क्षेत्र में शोध और रिसर्च किए बिना हम स्वयं ऐप्स और सॉफ्टवेयर बना नहीं सकते। इसीलिए हम अमेरिका और चीन में बने डिजिटल उत्पादों पर काफी हद तक निर्भर रहे हैं। इस निर्भरता के भयानक और दूरगामी नुकसान हो भी रहे हैं और भविष्य में अत्यधिक खतरों का सामना करना पड़ सकता है। डिजिटल क्षेत्र के अलावा भौतिक, रसायन, चिकित्सा, कृषि, खगोल आदि विज्ञानों में हम पिछड़ते जाएंगे। पहले ही इन विज्ञानों में नोबल पुरस्कार हम ने 2 बार ही प्राप्त किए हैं। यदि हमने दवाइयों के शोध नहीं किए तो विदेशी दवाइयों पर निर्भर रहेंगे। वे देश षड्यंत्रपूर्वक हमें दवाइयों के रूप में जेनेटिक समस्याएं दे सकते हैं। 1960 के दशक में आयातित अनाजों के साथ कितनी समस्याएं भी आई थी। हमें विदेशी निर्भरता से बचना होगा।

– ललित दुबे, रतलाम

### शीर्ष पर महिला हॉकी

भारत की महिला हॉकी टीम कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में एशियन हॉकी चैंपियनशिप में चीन को 1-0 से हराकर एशियन हॉकी चैंपियनशिप का खिताब भारत के नाम किया। बिहार के राजगीर में खेले गए इस चैंपियनशिप के लिए चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया की टीमों से लोहा लेते हुए देश की बेटियों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारत ने सेमी फाइनल के कड़े मुकाबले में जापान को 2-0 से हराकर फाइनल प्रवेश किया था। इससे पहले भारत ने मलेशिया, कोरिया, थाईलैंड, जापान और चीन को हरा कर भारत की टीम अजेय साबित हुई थी। इस टूर्नामेंट में दीपिका कुमारी ने 11 गोलकर शानदार व्यक्तिगत सफलता अर्जित की और अंत में फाइनल मैच में भी दीपिका ने एकमात्र विजय गोल दाग कर भारत को विजय दिलाई। भारत के खिलाड़ियों ने अपने प्रथम मैच से ही साहसिक अभियान की शुरुआत की थी। भारत की महिला हॉकी की टीम ने 150 करोड़ भारतीयों की आशा और आकांक्षा के अनुरूप खेल कर भारत का नाम रोशन किया है। हमारी टीम को सरकार की ओर से और सुविधाएं मिलनी चाहिए।

–वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पैरा से ढक रहे धान से भरे कटे फटे बोरियों को, किसानों की उपज हो रही बर्बाद

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

यह तस्वीर बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम सोरर स्तिथ धान खरीदी केंद्र की हैं। तस्वीर में दिख रही धान की बोरियों में जो लाल घेरा है, वह घेरा धान से भरी कटी फटी बोरियों का है, इन फटे बारदाने में पैरा भरकर उसे ढंका गया है, बावजूद तिनका तिनका धान धीरे धीरे उन फटे बोरियों से गिर रहा हैं। जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हो रही है। धान को सुरक्षित रखने के इंतेज़ाम फेल होने और उठाव व परिवहन नही होने के चलते केंद्रों में मौजूद धान के बोरो से वजन कम होने की भी जानकारी प्राप्त हो रही हैं। और भला धान का वजन कम क्यो न हो, जब धान को तौलकर फटे बोरो में भरा जा रहा है, जिससे धान उन बोरो से गिर रहा हैं। साथ ही उठाव भी नही हो रहा है। जिससे पूर्व में खरीदे गए धान के बोरो से 100 से 200 ग्राम सुखत की खबर भी सामने आ रही है। बाते यह भी सामने आ रही है कि सुखत की स्तिथि निर्मित न हों इसके लिए किसानों से तौलक के द्वारा 200 से 300 ग्राम धान अतिरिक्त भी लिया जा रहा हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन सुचारू व व्यवस्थापूर्ण रूप से धान खरीदी व सुरक्षित रखने करने का दावा महज दावा साबित नज़र आ रहा हैं। जिले में कटे फटे पुराने बारदानों से धान खरीदी की जा रही है। कटे फटे बारदाने को पैरा से ढक किसान की उपज को भरा जा रहा है, जिससे किसानों की उपज बर्बाद हो रही है। क्योंकि उस फटे बारदाने से धान गिर रहा है। जिले में 122 समिति अंतर्गत 143 ख़रीदी केंद्र बनाए गए है। और अधिकांश केंद्रों में यही स्तिथि है। फटे बारदानों में धान को सुरक्षित रखने का दावा किया जा रहा है। लेकिन वास्तविक स्तिथि में धान को सुरक्षित रखने के इंतज़ाम फेल नज़र आ रहे है।




## 44 केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान की मात्रा

जिले में धान खरीदी की शुरुआत के महज 5 दिनों के बाद से ही बारदाने की कमी के चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है, और उनकी ये चिंता अब परेशानी बन गई है। सोसायटियों द्वारा मुनादी करवाकर किसानों को स्वंय 50 प्रतिशत बारदाना की व्यवस्था करने कहा जा रहा हैं। बारदाने की किल्लत होने से किसान हलाकान और परेशान है। बता दे कि बालोद जिले में भी धान की बंपर आवक हो रही है। अब तक साढ़े 10 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। 44 ऐसे केंद्र है जहां बफर लिमिट से अधिक मात्रा में धान का स्टॉक रखा हुआ है। जिसकी वजह से जाम की स्तिथि निर्मित हो रही है। कस्टम मिलिंग की नई नीति और 2 साल का बकाया भुगतान नही मिलने से नाराज़ राइस मिलर पंजीयन नही करा रहे है। जिसके चलते उठाव शुरू नही हो पाया है।

## खुले आसमां के नीचे लाखो क्विंटल धान

जिले में लाखो क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखे हुए है। केंद्रों में धान के स्टेक को कैप कव्हर से नही ढंका गया है। हालांकि अभी मौसम खुला है, और रोजाना धूप निकल रही है।लेकिन मौसम कभी भी करवट ले लेता हैं। सर्द मौसम और ठिठुरन की वजह से ओस की परत भी जमने लगी है। लेकिन एहतियातन तौर भी धान के स्टेक को कैप कव्हर से नहीं ढंका गया है।

## कलेक्टर लगातार दे रहे निर्देश

धान खरीदी की शुरुआत से ही कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की लगातार समीक्षा कर रहे है, स्वंय केंद्रों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। बैठक लेकर धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में समुचित मात्रा में बारदानों की व्यवस्था, किसानों के बैठने और पेयजल सुनिश्चित कराने के निर्देश दे रहे है। सभी एसडीएमो को भी धान खरीदी केंद्रों की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# उतई में रामकथा, मानस संगोष्ठी व दिपावली मिलन समारोह का आयोजन 1 दिसम्बर को

## भक्तिमय संगीत के बीच मानस वक्ता प्रस्तुत करेंगे अपने विचार, मानस दर्शन जीवन अर्पण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



मानस दर्शन जीवन अर्पण द्वारा 1 दिसंबर को उतई में कालिका मंच पर संगीतमय मानस संगोष्ठी सह दिपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। आयोजन में मानस वक्ता के रूप में नीलकंठ ठाकुर बोरिद, चैतराम साहू छावनी, रामराजेश साहू अहिवारा, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत बेलमांड, पिलाराम शर्मा कपसदा उपस्थित रहेंगे। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में दीपक गुहा संस्थापक मानस दर्पण जीवन अर्पण, अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राज मानस संघ धमतरी, जगदीश देशमुख अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, गोपाल राम वर्मा पूर्व अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान, नारायण लाल साहू मां कौशल्या मानस संघ रायपुर, मुन्ना लाल देवदास राजीवलोचन मानस संघ गरियाबंद, झाल सिंह पटेल संयोजक रामकथा सत्संग, आत्माराम साहू कवि, देवलाल सिन्हा अध्यक्ष जिला मानस संघ बेमेतरा, गुत्तेश्वर बघेल संयोजक केशकाल कोंडागांव, मेहतर राम वर्मा अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग, टीकाराम वर्मा अध्यक्ष तहसील मानस संघ पाटन, धनुष यादव अध्यक्ष तहसील मानस संघ दुर्ग, नूतन दीदी आशीर्वादक मानस दर्शन, मणिराम ठाकुर बलौदाबाजार जिला मानस संघ उपस्थित रहेंगे। आयोजन में भक्ति संगीत स्वरांजली मानस परिवार तुमाकला, ओम आदित्य मानस परिवार रिसाली, तुलसी के संदेश महिला मानस मंडली बोरेंदा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने नगर में आयोजन के लिए उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, ताराचंद साहू, पार्षद प्रहलाद वर्मा, भीमसेन सिन्हा, दीपमाला देशलहरे, सतीश चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य सतीश पारख, के आर सिन्हा का अग्रिम आभार व्यक्त किया है। आयोजन की सफलता हेतु संकल्पित मानस प्रेमियों में के के सिन्हा, हितेंद्र साहू,संतोष विनीता ढीमर, नूतन साहू, सरस्वती साहू संहित क्षेत्र के मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार के साथी शामिल है। आयोजन में क्षेत्र के सभी मानस प्रेमियों एवम रसिकों को सादर उपस्थिति दर्ज करा आयोजन की सफलता में योगदान प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

# प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल को मिला महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा रत्न सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस के 75 वें सालगिरह के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर विचार एवं कवि संगोष्ठी का आयोजन जी आर बंजारे प्रांताध्यक्ष, सुशीला देवी वाल्मीकि महारक्षक, प्रेम सायमन कार्यालय सचिव, प्रो. के मुरारी दास उप प्रांताध्यक्ष की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।



जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट, सकारात्मक कार्य एवं प्रभावोत्पादक कार्य हेतु आर एल मात्रे सेवानिवृत जज एवं सुशीला देवी बाल्मिकी के कर कमलों से गिरिजा पटेल प्रधान पाठिका शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर को अवार्ड 2024 राज्य अलंकरण महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी जनों का स्वागत गार्ड ऑफ आनर के साथ किया गया। इस दृश्य ने सभी के मन को अभिभूत कर दिया। इस सम्मान के प्राप्त होने पर गिरिजा पटेल को विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश चंद्रवंशी, बीआरसी साजा बी डी बघेल, प्रधान पाठक हरि केडिया घनश्याम सोनी, अहिल्या कुंजाम, किरण कुंजाम, गायत्री जोगी, अम्बालिका पटेल, वीणा रावटे पुष्पा वर्मा आशुतोष चौबे, मैमूना सुल्ताना आदि सभी इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।

# कृषि महाविद्यालय बेमेतरा में 75वी संविधान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र बेमेतरा में 75वी संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ संदीप भंडारकर ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व के बारे में बताया तथा संविधान को अनुसरण करने की सलाह दी गई। महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर रंगोली भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने भाषण एवं वाद-विवाद में मुख्य रूप से यह बताया गया कि हमारा संविधान काफी लचीला और आज भी जीवंत है महिलाओं को समानता का अधिकार तथा अत्याचार के विरूद्ध लडने का अधिकार संविधान से ही प्राप्त होता है। कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता के द्वारा संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज के द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक टी. डी.साहू,सह प्राध्यापक यू. के. ध्रुव, सहायक प्राध्यापक डॉ. भारती बघेल एवं समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# पतोरा में मितानिनों को साड़ी, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत पतोरा में मितानीन दिवस धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच अंजिता गोपेश साहू द्वारा मितानिनों को साड़ी, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें गर्भवती महिला नवजात शिशु की जन्म से पहले तक घर-घर जाकर बारिश गर्मी या ठंड सभी मौसम में निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाली मितानिन है, जो गांव-गांव में बुखार सर्दी हो या छोटी-छोटी बीमारियों के लिए मितानिन हमेशा तैयार रहती है। घरों में बुजुर्ग हो या दिव्यांगजन उनका बीपी और शुगर जांच करती है। आज पतोरा गांव में मितानिन परिवार की एक सदस्य की तरह है। जिसमें अंजनी साहू, ललिता साहू, रोहिणी साहू बिंदु साहू, बिमला बारले, रमला वर्मा, लता साहू का सम्मान किया है। हमारा शौचालय हमारा सम्मान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय के लिए स्व बृजलाल देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय पतोरा की प्राचार्य प्रितिबाला साहू को, सामुदायिक शौचालय के लिए सरस्वती स्व सहायता समूह को, व्यक्तिगत शौचालय के लिए बेदु बाई ठाकुर एवं आशा कुर्रे को प्रशस्ति पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया है। इस दौरान सरपंच अंजिता साहू सचिव महेंद्र साहू उपसरपंच घनश्याम साहू सचिव क्षमा भारती कंप्यूटर ऑपरेटर शालिनी देवांगन, भुनेश्वरी देवगन, तनुजा साहू, तकेश ठाकुर, देवसर देवांगन, मालती ठाकुर, मालती जोशी, रुक्मणी ठाकुर, कुमारी बाई, टीकाराम देवांगन, संतोष सोनवानी, हरीश ठाकुर, इंदु धृतलहरे, उपस्थित थे।

# नगर पालिका दल्ली राजहरा में मनाया गया संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस नगर पालिका दल्ली राजहरा में मनाया गया। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि भारत के संविधान को आत्मसात किये 75 वर्ष पूरे हो गए हैंद्य भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां सब भी नागरिकों को समान अधिकार एवं स्वतंत्रता प्राप्त है। नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर द्वारा संविधान दिवस पर संविधान उद्देशिका का वाचन एवं शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर रुखसाना बेगम, राजेश कांबले, प्रमिला पारकर, चंद्र प्रकाश बोरकर पार्षद, एलन चंद्राकर घनश्याम शर्मा, राजेंद्र साहू, इंद्र यादव, मनोज साहू, अब्दुल कलीम, अनंद साहू, ओम प्रकाश यादव, नारायण सिंह, शिवकुमार शर्मा, देवनारायण देवांगन, नारायण सिंह, संतोष साहू, अभिजीत भगत, उमेश्वरी नेताम, हेमलता बघेल, कंचन निर्मलकर, चित् कुमार कुर्रे एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के नीति से किसानों में हर्ष

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






राज्य शासन के महत्वाकांक्षी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के नीति के अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल अपने धान की खरीदी होने तथा 72 घण्टे की अवधि में धान खरीदी की राशि अपने खाते में जमा होने से जिले के कृषक बहुत ही प्रसन्नचित है। राज्य शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सांकरा क के अंतर्गत ग्राम जमरूवा के कृषक धनसिंह साहू एवं ग्राम हथौद के कृषक होमलाल साहू ने भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के घोषणा के अनुरूप धान खरीदी केन्द्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी सुगमता से की गई है। उन्होंने बताया कि धान की बिक्री राशि हमारे खाते में मात्र 72 घण्टे में जमा हो गया। जिससे हम किसानों में खुशी का कोई ठिकाना नही रह गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी केन्द्रों में की गई व्यवस्था से धान बिक्री करने वाले किसानों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी भी संतुष्ट होकर व्यवस्था की भूरी-भूरी सराहना कर रहे हैं। राज्य शासन के धान खरीदी की नीति की सराहना करते हुए किसान धनसिंह साहू ने बताया कि उन्होंने धान बिक्री हेतु मिले टोकन के अनुसार निर्धारित तिथि 19 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में पहुँचकर कुल 33 क्विंटल मोटा धान की बिक्री की। धन सिंह साहू ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों के सहयोग एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से उनके लिए समय पर अपने धान की बिक्री करना बहुत ही आसान हुआ। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान की बिक्री करने में समय की भी बचत हो रही है एवं बारदाने के खराब होने की समस्या से भी निजात मिली है। किसान धनसिंह साहू ने कहा कि इसके अलावा 72 घण्टे के अंदर हमारे खाते में राशि जमा हो जाना हमारे लिए सोने पे सुहाग साबित हो रहा है। इसी तरह राज्य शासन की इस बेहतरीन व्यवस्था की सराहना ग्राम हथौद के किसान होमलाल साहू ने भी की है। उन्होंने कहा कि जारी किए गए टोकन की तिथि के अनुसार वे धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र सांकरा क में पहुँचकर कुल 28 क्विंटल पतला धान की बिक्री की है। इसके पश्चात् वे 25 नवंबर को कुल 47 क्विंटल 60 किलो धान की बिक्री किया है। किसान होमलाल ने बताया कि 14 नवंबर को किए गए धान बिक्री की राशि उनके खाते में मात्र 72 घण्टे के भीतर जमा हो गया। इतने कम अवधि में खाते में इतनी बड़ी राशि का जमा होना हम किसानों के लिए बहुत बड़ी बात है। इससे मेरे जैसे अनेक किसानों को संबल मिलने के साथ-साथ हममें आत्मविश्वास का भी संचार हुआ है। इन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किसान हित में लिए गए इस बेहतर व्यवस्था की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। धान खरीदी केन्द्र की बेहतर व्यवस्था की सराहना करते हुए धान खरीदी केन्द्र सांकरा क के प्राधिकृत अधिकारी यशवंत सिन्हा, सरपंच दिनेश सिन्हा तथा धान बिक्री करने पहुँचे दुर्गेश्वर देवांगन, मेहरूराम ठाकुर सहित अन्य कृषकों ने भी की है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में हम कृषकों के लिए बैठक, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ-साथ आसानी एवं शीघ्रता से धान की खरीदी हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन आदि की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्र में अवैध धान की बिक्री एवं किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों की सभी व्यवस्थाएं बहुत ही बेहतर एवं समुचित है। जिससे हम सभी कृषक व्यवस्था से पूरी तरह संतुष्ट होने के साथ-साथ एवं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूरी तरह से आशान्वित है।

# रिसाली के मां कल्याणी शीतला मंदिर में चोरी, माता की सोने की हार और दान पेटी के लाखों रुपए उड़ा ले गए चोर

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



रिसाली के मरोदा टैंक स्थित मां कल्याणी शीतला मंदिर में बड़ी चोरी हुई है। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से पैसे और गर्भगृह में घुसकर मां शीतला का सोने का हार चुरा लिया है। जब सुबह पुजारी मंदिर में पूजा करने के पहुंचा तो दान पेटी टूटा हुआ देखकर उसको चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद मंदिर समिति के लोगों को चोरी की घटना की सूचना दी। समिति के सदस्यों ने तुरंत नेवई थाने में शिकायत दर्ज कराई। मंदिर समिति की ओर से सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी पुलिस को दिया गया है। जिसमें चोर कैद हो गए हैं। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि, एक आरोपी मुंह पर गमछा बांधकर मंदिर में घुसा था। उसने जैकेट पहन रखी थी। पहले उसने मंदिर का ताला तोड़ा। इसके बाद अंदर घुसकर चोरी की। चोर मां शीतला माता की प्रतिमा के गले से हार चोरी कर ले गया। मंदिर समिति के लोगों ने पुलिस को बताया कि मंदिर के दानपात्र में लाखों रुपए थे, जिसे चोर चुरा ले गए हैं। उन्होंने मंदिर की सुरक्षा के लिए चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। चोरी करते समय चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपकर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# दल्लीराजहरा के अंबेडकर मेमोरियल हाल में प्रबुद्ध जनों के द्वारा मनाया गया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय संविधान को भारत देश की जनता के द्वारा अंगीकार किए हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर दल्ली राजहरा के अंबेडकर मेमोरियल हाल में प्रबुद्ध जनों के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन कर संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों, भागों, एवं अनुसूचियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस परिचर्चा में नागपुर से आए मोहम्मद अब्दुल रज्जाक जो महाराष्ट्र आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के प्रखर वक्ता है, छत्तीसगढ़ बुद्धिस्ट सोसाइटी के उपाध्यक्ष हेमंत कांडे, संविधान विज्ञ प्रमोद कावडे एवं धीरज उपाध्याय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर दल्ली राजहरा के प्रबुद्ध जनों के समक्ष विचार गोष्ठी के माध्यम से अपनी बातें रखी। मुख्य वक्ता के रूप में आए मोहम्मद अब्दुल रज्जाक ने संविधान के संबंध में बताते हुए कहा कि देश का संविधान एक ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसमें कुल 22 भाग 8 अनुसूचियां एवं 395 अनुच्छेद है जो समय-समय पर संविधान में हुए संशोधन में के माध्यम से अब बढ चुके हैं संविधान में एक संप्रभुता, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य की संकल्पना की गई है। नागरिकों के लिए सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय और अवसर की समानता और बंधुत्व के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है ताकि व्यक्तित्व की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित रह सके। हमारे संविधान में समानता स्वतंत्रता शोषण के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता सांस्कृतिक और शैक्षिक स्वतंत्रता सार्वभौमिक उपचारों की व्यवस्था की गई है सरकार के कार्य का नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने की भी व्यवस्था की गई है साथ ही मौलिक कर्तव्य भी जोड़े गए हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमोद कावडे ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया को बताया कि लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है कि जनता को शासन करने के लिए मिली शक्ति का विकेंद्रीकरण हो और जनता से सलाह मशविरा भी लगातार होता रहे इसमें नियमित रूप से जांच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए इस हेतु संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका को लोकतंत्र का आधार स्तंभ बताया है। बालोद से आए हुए वक्ता धीरज उपाध्याय ने बताया कि हमारे देश के संविधान में एक बड़ी विशेषता यह है कि यह कठोर भी है और लचीला भी इसमें परिवर्तनशील समय के अनुरूप आवश्यकता पड़ने पर संशोधन का भी प्रावधान अनुच्छेद 368 के माध्यम से दिया गया है। अनुच्छेद 368 के माध्यम से संशोधन की व्यवस्था स्वयं अनुच्छेद 368 में भी संशोधन की गुंजाइश बनाता है। हमारे संविधान निर्माता ने देश पर अपनी इच्छाओं और विचारों को लादा नहीं बल्कि अपनी दूरदर्शिता से भावी पीढ़ी के लिए यह गुंजाइश छोड़ी कि वह अपने समय की परिस्थितियों अपने समय के ज्ञान एवं वैज्ञानिकता के आधार पर आवश्यकता होने पर इसमें समय अनुसार संशोधन कर सकें। वक्ता के रूप में बोलते हुए डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर ने मौलिक अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि हमारे मौलिक अधिकार हमारी रक्षा करते हैं और यही संविधान की विशेषता है कि चाहे वह किसी वर्ग का हो मजदूर हो या सर्वहारा वर्ग हो किसी भी जाति धर्म का हो संविधान सबको समानता पाने का अधिकार प्रदान करता है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष हेमंत पांडे ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता की रक्षा समाज में सद्भाव को बढ़ावा देना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करना सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है और नागरिकों को उनके कर्तव्यों के अलावा मूल अधिकार जो प्रदान किए गए हैं वह भारत के नागरिकों की सबसे बड़ी ताकत है और ऐसी ताकत अपने नागरिकों को प्रदान करना भारतीय संविधान की विशेषता है। हेमंत कांडे ने अपने उद्बोधन में आगे बताया कि भारत का संविधान का निर्माण में बाबा साहब अंबेडकर के संघर्ष की कहानी भी है उन्हें संविधान सभा में जाने से रोकने की साजिश भी की गई लेकिन में संघर्ष करते हुए संविधान सभा में पहुंचे उन्हें संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया परिणाम स्वरुप हमें क्षमता स्वतंत्रता बंधुता और न्याय से समावितित संविधान मिला और यह संविधान बाबा साहब के कई वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। कार्यक्रम आरंभ के पूर्व संचालक रतिराम कोसमा के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया साथ ही संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हितों की रक्षा के लिए भी संविधान में अनुच्छेद 340 अनुच्छेद 341 एवं अनुच्छेद 342 में इन वर्गों के संरक्षण का समावेश करते हुए। संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक के हितों का ख्याल संसदीय प्रणाली के संचालन न्यायपालिका के कर्तव्यों अधिकारों, कार्यपालिका के कर्तव्य एवं अधिकारों की भी विस्तार से विवेचना की गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरोमणि माथुर, अशोक बाम्बेश्वर, के. ईश्वर राव, रवि जायसवाल, जगदीश श्रीवास राजकुमार साहू विल्सन मैथ्यू, जुबेर अहमद हनीफ कुरैशी हाशिम कुरैशी संतोष मेश्राम, रामजतन भारद्वाज, चंद्ररेखा बाम्श्वर, कुलदीप नोन्हारे कृष्णा यादव, किशोर बागेश्वर, ओम प्रकाश रामटेके, जेबा कुरैशी, तंजीला खान, लक्ष्मण प्रसाद, मुकेश पटेल, संजय रावत, जितेंद्र मेश्राम, दिलीप रंगारी, शमीम अहमद सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित रहे।

# लच्छीबंध तालाब में नाली के पानी से नहा रहे लोग हो रहे बीमारी के शिकार

## सीएमओ ने तालाब को निजी बताकर साफ-सफाई करने से किया इंकार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नगरपालिका की मेहरबानी से लच्छीबंध तालाब में लोग नाली के पानी से नहाने मजबूर हैं। हैरत की बात यह है कि नाली का पानी सीधे तालाब में जाकर प्रदूषण फैला रहा है, जिससे लोग चर्म रोग की समस्या से ग्रसित है। जिस जगह नाली का गंदा पानी तालाब में जा रहा है, वहां गंदगी का सम्राज्य स्थापित हो गया है, जो धीरे-धीरे पूरे तालाब के पानी को प्रदूषित कर दिया है। इसके बावजूद नगरपालिका के जिम्मेदारों ने अपनी आंखे मूंद ली है। इससे शहर के लोगों में आक्रोश है। खास बात यह है नगर पालिका सीएमओ इस तालाब को निजी बताकर साफ-सफाई से इनकार कर रहे हैं जबकि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट गाइडलाइन है। चांपा के राजकिरण दुग्गड़ उद्यान के समाने स्थित लच्छीबंध तालाब विभिन्न मोहल्लों के लोगों के निस्तार का बड़ा स्रोत है, लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार शहर के खासकर प्रमुख तालाबों को भी सहेज पाने में नाकाम है। नगरपालिका की यही लापरवाही के चलते शहर के ज्यादातर तालाब पहले नेस्तानाबुत हो गए है, तो वहीं शेष बच गए तालाबों की ओर भी नगरपालिका का कोई ध्यान नहीं है। मसलन, रामबांधा, लच्छीबंध, मंझली तालाब सहित अन्य तालाब जलकुंभी और गंदगी से अट गए हैं। इन तालाबों का पानी गंदगी की वजह से प्रदूषित हो गया है, जिसमें निस्तार करने से लोगों को चर्म रोग की समस्या है। अभी लच्छीबंध तालाब में नाली का पानी सीधे जाकर मिल रहा है, जिससे समझा जा सकता है कि निस्तारी तालाब में नहाने वालों का क्या हश्र होता होगा। इधर नगर पालिका सीएमओ भोला सिंह ठाकुर का कहना है कि वह तालाब निजी है, जिसके चलते वहां साफ सफाई नहीं की जा सकती। उस तालाब को साफकरने का प्रयास किया गया था, लेकिन उन्हें नोटिस मिल गया। जिसके चलते वहां साफ सफाई नहीं की जा सकती, जबकि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है किसी भी निस्तार तालाब या जल स्रोत का परिवर्तन नहीं किया जा सकता। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तालाब को सहेजने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पिरदा में परोसा जा रहा गुणवत्ताहीन भोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों में शासन द्वारा संचालित अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावासों में जहां रह रहे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने तथा उन्हें अच्छा भोजन उपलब्ध करवाने की दिशा में लाख कोशिशें शासन कर रहा है,किंतु जमीनी स्तर पर जब छात्रावास के संचालन का काम देखने वाले वहां के अधीक्षक ही मनमानी करने लगे तो फिर इसमें भला छात्रावास का बेहतर संचालन कैसे हो सकता है, कुछ इसी तरह से शक्ति जिले के पिरदा में स्थित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में हो रही मनमानी की शिकायत शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास तोपनो से की गई है। अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पिरदा विकासखंड मालखरौदा के छात्रों ने शक्ति कलेक्टर को प्रेषित अपने ज्ञापन में बताया है कि मालखरौदा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिरदा छात्रावास के अधीक्षक एवं सफाई कर्मी का तत्काल यहां से स्थानांतरण किया जाए, छात्रावास के छात्रों ने कहा है कि छात्रावास अधीक्षक बच्चों के प्रति अन्याय करते हुये ठीक से भोजन नही देते है, आलु की चटनी में खाने को बोलते है, एवं शासन द्वारा छात्रावास में प्रतिदिन का भोजन एवं नाश्ते का जो मीनू बनाया गया है, उस मीनू के अनुसार कभी भी नियमित रूप से सामग्री नहीं दी जाती हमारे द्वारा कुछ बोलने पर हमसे अभद्रतापुर्वक व्यवाहार कर मार-पीठ कर छात्रावास से निकालने की छमकी देता है, यहां तक कि बहुत बच्चों को छात्रावास से निकाल भी दिया है, हम सबको चमका कर सब तरफ की साफ-सफाई करवाते है एवं बाथरूम को भी साफ करवाते है। एवं छात्रावास अधीक्षक द्वारा सफाई कर्मी को एक बार भी सफाई करने के लिए नहीं कहा जाता, एवं दैनिक कर्मी (रसोईया) हैं उनसे भी वाथरूम एवं अन्य साफ-सफाई भी करवाता है, हम सभी बच्चे पुराने थाली एवं गिलास जिनमें जंक (मुर्चा) लगा हुआ है उसी में खाना खिलाया जा रहा एवं नये थाली एवं ग्लास को अपने ही कक्ष में रखा है एवं सभी पुराने बिस्तर जिसमें बहुत गंदा बदबू आ रही है (नारियल की बुछ की गद्दे) उसी में सो रहें है जिससे आये दिन खुजली से बीमार हो रहें हैं नये नये बिस्तर को हम बच्चों को नहीं दिया जा रहा है।

# डिप्टी सीएम ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय पोर्टल का किया विमोचन




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री साव ने जिले के प्रवास के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नए विभागीय पोर्टल का विमोचन किया। शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे प्रशासन और विकास कार्यो को डिजिटल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाने में यह पोर्टल महत्वपूर्ण साबित होगा। यह पोर्टल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 2047 तक विकसित भारत के विजन की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पोर्टल को नगरीय निकायों में संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजना तथा कार्यो की समीक्षा और मॉनिटरिंग के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### पोर्टल की विशेषताएं

इस पोर्टल से विभाग की प्रक्रियाएं अधिक डिजिटल और पेपरलेस होंगी, जिससे संसाधनों और समय की बचत होगी। इस पोर्टल के माध्यम से विभाग एवं नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। इस पोर्टल के माध्यम से अधोसंरचना मद और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग एवं निकायों को जारी राशि की समीक्षा की जा सकेगी, जिससे कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराया जा सकेगा तथा आम नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। इस पोर्टल के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा तथा उसका लाभ नागरिकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही निकायों के आय-व्यय, प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन और राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी और विभाग से जुड़े कोर्ट मामलों की स्थिति और समाधान प्रक्रिया की ट्रैकिंग आदि किया जा सकेगा।

### पोर्टल के लाभ

यह पोर्टल निकायों के कार्यों की निगरानी को सरल और प्रभावी बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचे। यह पोर्टल डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए विभाग को आधुनिक तकनीकों से जोड़ता है। यह पोर्टल न केवल विभागीय कार्यों की दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन को एक नई दिशा देगा। यह कदम हमारे पेपरलेस प्रशासन डिजिटल सशक्तिकरण के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

# किसानों के लिए समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध, खाते से निकाल सकेंगे 10 हजार रुपए तक की राशि

### अब तक 150 किसानों को 04 लाख 30 हजार रूपए का हुआ भुगतान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा इस बार समितियों में किसानों के लिए नवीन पहल की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी समितियों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराया है, जहां किसान आसानी से 10 हजार रुपए तक की राशि अपने खाते से निकाल सकते हैं। किसानों को नगदी पैसा के लिए किसी बैंक या एटीएम मशीन जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक 150 किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 04 लाख 30 हजार 500 रूपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि किसानों को उनके एटीएम कार्ड से उपार्जन केन्द्र पर ही राशि का भुगतान किया जाता है। ग्राम रोहरा खुर्द के किसान नत्थू सिंह राजपूत ने बताया कि शासन द्वारा समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा शुरू किए जाने से किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। इसी तरह लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खपरीकला के किसानों ने बताया कि उन्हें ट्रेक्टर भाड़ा, लेवर चार्ज देने किसी व्यापारी से उधार लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी, नगद राशि का भुगतान उपार्जन केन्द्र से ही हो गया। यह हम किसानों के लिए बहुत सुविधाजनक व्यवस्था है।

# दुकानदार रहें सावधान: उज्ज्वल विश्वाश द्वारा ठगी किए जाने का मामला आया प्रकाश में

**सक्ति।** शक्ति जिले सहित जांजगीर-चांपा जिले के अनेकों स्थानों पर कोरबा के किसी एक व्यक्ति उज्जवल विश्वास द्वारा दुकानों में जाकर सामान खरीद लिया जा रहा है, एवं सामान लेने के बाद फोन पे में पैसा नहीं है कि बात कहते हुए उन्हें चेक काट कर दे दिया जाता है, तथा कल आकर मैं चेक वापस लेकर नगद भुगतान कर दूंगा, किंतु ऐसी शातिर हरकतो के अनेकों दुकानदार शिकार हो चुके हैं, जिसमें जन चर्चा के अनुसार तीन मामले बाराद्वार में ही सामने आए हैं जहां 50000 से कम अमाउंट के चेक काट कर दे दिए गए एवं उनके खाते में पैसा ही नहीं था, तथा उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने के बाद उन्हें यह धमकी दी जाती है कि तुम मेरा क्या करोगे, कर लेना, लड लो कानूनी लड़ाई, तो भला व्यापारी कहां से पुलिस और कानून के चक्क र लगाएगा, किंतु बाराद्वार के ऐसे पीड़ित व्यापारियों एवं नागरिकों ने ऐसे उज्जवल विश्वास से लोगों को सावधान रहने की अपील की है,जो कि किसी को भी अपना शिकार बना सकता है, एवं ऐसे लोग अलग-अलग रूपों में आते हैं तथा लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना लेते हैं,बाराद्वार के व्यापारियों ने कहा है कि ऐसे ठग से सावधान रहें तथा बिना पैसे इन्हें भावनाओं में आकर सामान ना दें।



# कोरबा चाम्पा रोड में डामरीकरण का कार्य चार माह बाद हुआ प्रारंभ, विधायक समेत कांग्रेस के नेताओं ने किया था धरना प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कोरबा चाम्पा रोड वार्ड नं. 22 तिलक नगर के सामने सड़क में गड्डो और धूल से परेशान लोगों को अब राहत मिलेगी।पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लोगों को आने जाने में अब समस्या नही होगी। सड़क की जर्जर स्थिती को लेकर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप सहित चांपा के सभी कांगेसी नेताओ ने 30 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया था। जिसपर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा 1 सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया था लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति कर सिर्फ गड्डों को पाटकर औपचारिकता की जा रही है। इस सड़क पर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

### जिले में अब तक 3 लाख 44 हजार 915 क्विंटल धान की खरीदी

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुरूप प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु धान खरीदी की शुरुआत 14 नवम्बर से हो चुकी है और यह 31 जनवरी तक चलेगी। जिले के 66 समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। अब तक 03 लाख 44 हजार 915 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, इसमें 02 लाख 45 हजार 514 क्विंटल मोटा, 1192.40 पतला और 98 हजार 208 क्विंटल सरना धान शामिल है। किसान उत्साहपूर्वक उपार्जन केन्द्र पहुंच रहे हैं। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रसाधन, सीसीटीवी कैमरे सहित सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारियों के द्वारा धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों का जायजा लेकर कोचियों-बिचैलियों पर निगरानी रखी जा रही है।

# पूनम अग्रवाल ने किया सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति जिले के डभरा विकासखंड के सेवा सहकारी समिति अमलडीहा पंजीयन क्रमांक- 1847 के छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल ने 26 नवंबर को पदभार ग्रहण किया, इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत करीब 125 किसान मौजूद थे, तथा किसानों की उपस्थिति में जहां धान खरीदी का शुभारंभ हुआ तो वही इस अवसर पर उन्नत किसान कौशलेश का सम्मान भी किया गया पदभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की बिष्णु देव सरकार ने आज प्रति क्विंटल 3100 की दर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया है, जो पूरे देश में एक ऐतिहासिक कदम है, एवं छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व किए गए वायदों के अनुरूप किसानों को सुविधाएं देने के लिए आज काम किया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा जिला कबीरधाम**

// ईश्तहार //

अ/2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नम्बर...

**क्रमांक/4501/अ.वि.द./ प्रवा - 2/2024**
**कवर्धा, दिनांक 26-11-2024**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण छिरहा को सूचित किया जाता है. जितेन्द्र कुमार पिता प्रभाकर पाण्डेय निवास का पता- कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम छिरहा प.ह.नं.-15 रा.नि.म. छिरहा तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 143/58, 143/59 क्रमशः रकबा 0.053, 0.052 हेक्टेयर भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया हैं।

उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 10-12-2024 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2.611.2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 26-11-2024.
पेशी दिनांक 10-12-2024.

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**कवर्धा**
**जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**



**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**
**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 161376 द्वितीय आमंत्रण 20.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् जिला सूरजपुर के सत्यनगर में जाबरपारा- केवताली मार्ग में माचा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 232.41 |
| 2 | 161446 द्वितीय आमंत्रण 20.11.2024 | बोधापारा बोडतरा मार्ग (एम.डी.आर. 43) लंबाई 13.80 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य। | 2228.32 |
| 3 | 161496 प्रथम आमंत्रण 20.11.2024 | शासकीय डी. के. कालेज बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक (08 लेन 400 मीटर एवं 8000 वर्गमीटर) का निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग। जमा मद कार्य। | 898.68 |
| 4 | 161480 तृतीय आमंत्रण 21.11.2024 | रायपुर शहर के शास्त्री चौक रायपुर में सड़कों के ऊपर स्कॉईवॉक (फुट ओव्हर ब्रिज) का निर्माण कार्य हेतु शेष कार्य। | 3141.81 |
| 5 | 161457 द्वितीय आमंत्रण 21.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् जरमौहा-चौड़ीभाठा (लाफा) मार्ग पर गुंजन नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 242.81 |
| 6 | 161458 तृतीय आमंत्रण 21.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् जिला कोरबा के झांझ गाड़ाघाट मार्ग में पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 263.89 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क. 04 एवं सं.क. 06 दिनांक 03.12.2024, सं.क. 03 दिनांक 13.12.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 09.12.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी-242504066/10

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**





# आदिवासी बच्चों को तीरंदाजी खेल में अपनी हुनर दिखाने मिल रहा भरपूर अवसर

## तीरंदाजी में अपने हुनर दिखाते आदिवासी बच्चे, खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर में जिले के कई खिलाड़ी ले रहे प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की योजना अन्तर्गत खेलों इंडिया लघु केंद्र का संचालन तीरंदाजी खेल में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आदर्श मॉडर्न आवासीय विद्यालय भोरिंग में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) बागबाहरा द्वारा विगत दो वर्षों से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने आस पास के खिलाड़ियों के साथ जिले भर के बच्चें शामिल हो रहे हैं। जो एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं स्थानीय विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। तीरंदाजी खेल को आगे बढ़ाने व संचालित करने हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया गया हैं जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम खिलाड़ियों को अपने हुनर दिखाने का मौका मिल रहा हैं। जिले के विभिन्न ग्राम/ग्राम पंचायतों से लेकर शहरी क्षेत्रों से खिलाड़ी अभ्यास करने शामिल हो रहे हैं। जिले में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन जिला, संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोरिंग में किया जा चुका हैं। तीरंदाज़ी खेल को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन



का अहम योगदान है। विभागों के आपसी समन्वय से तीरंदाजी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में सफल रहे हैं। राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता बागबाहरा में लघु केंद्र के 17 खिलाड़ियों की भागीदारी रहीं। राज्य स्तरीय एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग की खेल प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ी शामिल होकर 8 पदक जीतने में सफ्ल रहे। संभाग स्तरीय एकलव्य विद्यालय की तीरंदाजी प्रतियोगिता राजनांदगांव में 12 खिलाड़ी शामिल होकर 12 पदक जीतने में सफ्ल रहे जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक व 2 कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। स्कूल नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में देविका यादव ने प्रदेश की टीम से प्रतिनिधित्व किया। महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने अपने हुनर और खेल प्रतिभा को दिखाते हुए आवासीय खेल अकादमी में चयनित होकर वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर जैसे शहरों में शासन द्वारा संचालित निःशुल्क आवासीय केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रायपुर आवासीय खेल अकादमी में जिले की देविका साहू, लक्ष्मी साहू, दिलेश्वरी साहू, अबीर पांडे एवं खेलों इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बेहतराई बिलासपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में डोमेश्वरी साहू, यामिनी धीवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों में श्रीकांत जगत बाराडोली बसना, चंदन सिदार रेमडा पिथौरा, मनीषा ध्रुव सोनासिल्ली पिथौरा, जयंत ठाकुर महासमुंद, उमेश बरिहा जबलपुर सरायपाली, टुकेश कमार वनसिवनी महासमुंद, लीना नेताम परसाड़ीह महासमुंद, सीमा चिपरीकोना बसना, दिव्या कमार बनसिवनी, दिगंबर नेताम बसना, देवव्रत दीवान घोंच पिथौरा, अश्मि निधि नाग बरिहापाली बसना, पुष्कर ठाकुर केसकेरा बागबाहरा, कुमुदिनी दीवान ठाकुरदिया पिथौरा, लिलिमा नाग बरिहापाली बसना, योगेश नाग खरोरा बसना, नमन मांझी कुदारीबाहरा बसना, कामना ध्रुव बीकेबाहरा बागबाहरा, मनीष सिदार रेमडा पिथौरा, राहुल धीवर तुमगांव, नीलम साहू भोरिंग, वैनिका साहू भोरिग, हुमेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, दुर्गेशवरी साहू, शुभम पाठक सभी भोरिंग, केदारनाथ तुमगांव, देविका यादव तुमगांव महासमुंद के खिलाड़ी शामिल हैं। राज्य स्तरीय एकलव्य तीरंदाजी प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर 2024 को अंबिकापुर में आयोजित किया गया हैं जिसमें जिले से कुल 10 खिलाड़ी श्रीकांत जगत, चन्दन सिदार, मनीषा ध्रुव, कामना ध्रुव, योगेश नाग, टुकेश कमार, लिलिमा नाग, कुमुदनी दीवान, दिगम्बर नेताम व जयंत ठाकुर शामिल हैं।

# परिवार नियोजन की जनजागरुकता के लिए कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को किया रवाना

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 04 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने हेतु पुरुष नसबंदी पखवाड़ा चार दिसंबर 2024 तक मनाया जाएगा। कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के जन जागरूकता एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रचार- प्रसार हेतु सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह वाहन हाट-बाजार, बस स्टैंड, चौक-चौराहे, ग्राम पंचायत, धान खरीदी केंद्र आदि स्थानों पर परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेगा एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़े के दौरान जिला चिकित्सालय, बैकुंठपुर में परिवार नियोजन की समस्त सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2024 की थीम हैं- आज ही शुरूआत करें, पति पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें। उन्होंने बताया इसके माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी साधन (महिला और पुरुष नसबंदी) और अस्थायी साधन (अंतरा, छाया, पीपीआईयूसी डी, आईयूसीडी, कंडोम आदि गर्भनिरोधक साधन) के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा पुरूष नसबंदी कराने के लिए लक्ष्य दिए गए हैं। इसके अलावा एएनएम, मितानिन के द्वारा भी नसबंदी सम्बंधी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड का शुभारंभ किया है। इस कार्ड के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का एक नया अवसर मिलेगा, जिसके तहत उन्हें 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता प्राप्त होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि अब तक वरिष्ठ नागरिकों को उनके परिवार के राशन कार्ड के आधार पर स्वास्थ्य लाभ मिलता था, लेकिन इस नई योजना के तहत सभी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा, जिससे वे इस योजना से जुड़ी स्वास्थ्य सहायता का लाभ उठा सकेंगे। आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्राप्त करने के लिए सभी वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन आवश्यक होगा। जो वरिष्ठ नागरिक पहले से आयुष्मान कार्ड से पंजीकृत हैं, उन्हें भी पुनः पंजीकरण कराना होगा। पंजीयन के लिए नागरिकों को अपना आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा, जिससे उनकी आयु का सत्यापन किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने पर नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा, जिससे वे पंजीकृत अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सहायता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपना आधार कार्ड लेकर नजदीकी लोक सेवा केन्द्र (च्वाइस सेंटर), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर निःशुल्क पंजीकरण कराएं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी या सहायता की आवश्यकता है, तो वे टोल-फ्री नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिले मे जनक वृद्धाश्रम बना बेसहारों का सहारा

## 60 वर्षीय सुलोचनी 78 वर्षीय तिफिल को आश्रय

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बेसहारा और असहाय वृद्धजनों को सहारा मिले इस उददेश्य से जिले में समाज कल्याण विभाग के तत्वाधन में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा संचालित जनक वृद्धाश्रम बांकीटोली में संचालित हैं। जहां वृद्धजनों और बेसहारो को सहारा मिल रहा है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम बांसपारा निवासी 60 वर्षीय सुलोचनी मिंज और 78 वर्षीय तिफिल एक्का को जनक वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है। जनक




वृद्धाश्रम बांकीटोली से प्राप्त जानकारी अनुसार बांस पारा निवासी सुलोचनी मिंज एवं तिफिल एक्का झोपड़ी में अकेला रहते थे। जिनका शारीरिक एवं आर्थिक स्थिति कमजोर हैं। इनके पास में रहने वाली सुरस्ती मिंज द्वारा वृद्धाश्रम के कर्मचारी को फोन के माध्यम से सूचना देने पर तत्काल निवास पते में जाकर सुलोचनी एवं तिफिल का जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करने के बाद वृद्धाश्रम में संरक्षण प्रदान किया गया है। इस कार्य वृद्धाश्रम प्रबंधक कु. वन्दना तिग्गा, सामाजिक कार्यकर्ता जमनी बाई, मालती यादव, गांगी बाई, सुभन यादव आदि कर्मचारी का सहयोग रहा।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ाः परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय सीमा की बैठक में राज्य शासन में स्वास्थ्य अव परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलने वाले पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजन की तैयरियो पर चर्चा की। कलेक्टर ने परिवार नियोजन अभियान को सफल बनाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने सहित



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने बैठक में बताया की पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, प्रभावी और स्थायी विकल्प है और पखवाड़े के दौरान इससे जुड़े मिथकों को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कबीरधाम जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पुरुषों को परिवार नियोजन के स्थायी और सुरक्षित तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पखवाड़े के दौरान पुरुष नसबंदी और कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पखवाड़े की थीम आज ही शुरुआत करें, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें के माध्यम से परिवार नियोजन में सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण, मोबिलाइजेशन चरण (21-27 नवंबर), जागरूकता फैलाने और पुरुषों को नसबंदी के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर केंद्रित है। दूसरा चरण, सेवा चरण (28 नवंबर-4 दिसंबर), के दौरान जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर इच्छुक पुरुषों के लिए निःशुल्क नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह प्रक्रिया पूरी तरह से चीरे और टांके से मुक्त है, जिससे व्यक्ति जल्दी ही अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक जिले में 125 पुरुष नसबंदी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीष चंद्रवंशी ने कहा कि जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर, व्यक्तिगत परामर्श, प्रचार सामग्री वितरण, और सास-बहू सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए सरकार नसबंदी करवाने वाले लाभार्थियों को 3,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि बैंक खाते में प्रदान कर रही है। यह कदम न केवल परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि परिवार को सशक्त बनाने और सामूहिक खुशहाली को बढ़ावा देने में भी सहायक होगा।

# कुष्ठ मरीजों से भेंटकर प्रदान किया एमडीटी एवं अल्सर किट



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के निर्देशानुसार जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीके ठाकुर के द्वारा बकावंड ब्लाक के सेक्टर जैबल के एसएचसी गारेंगा के आश्रित ग्राम छोटे जिराखाल में एनएलईपी कार्यक्रम के अंर्तगत पीड़ित कुष्ठ रोगी और संभावित कुष्ठ रोगियों से भेंटकर उनकी उपचार स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें सतर्कता बरतने सहित निर्धारित दवाइयों का सेवन करने की समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित मरीजों को एमडीटी एवं अल्सर कीट प्रदान किया। इन रोगियों में आरएफ्टी मरीज, उपचारित मरीज एवं ग्रेड-2 डी के मरीज शामिल थे। मरीजों को आवश्यक सलाह सीनियर स्वास्थ्य कार्यकर्ता आरके माली द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला एपीडिमीयॉलाजिस्ट डीके पानीग्राही, एमपीएस एमएल पानीग्राही, एएनएम बी.रेखा नागेश, सीएचओ पल्लवी पटेल और ग्रामीण क्षेत्र के मितानिन उपस्थित थे।

# दिव्यांग तरूण को मिली व्हीलचेयर

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना निवासी 09 वर्षीय तरूण कुमार नायक को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि तरूण जो पैरों से 80 प्रतिशत दिव्यांग है और कक्षा दूसरी में अध्ययनरत है। विद्यालय की शिक्षिका एवं माता-पिता द्वारा सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदाय की गई।



इस पर तरूण के माता-पिता ने बताया कि घर से विद्यालय लाने-ले जाने में अनेक परेशानी का सामना करना पड़ता था, व्हीलचेयर मिलने से तरूण आसानी से विद्यालय पहुंचकर अध्ययन कर सकेगा।

# लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर 25 नवम्बर महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक जिले में 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब), नवा बिहान एवं जिला बाल संरक्षण इकाई बलौदाबाजार द्वारा लिंग आधारित



हिंसा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्दाछार एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बोरसी बोरसी में आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल सी बॉक्स के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को, डीव्ही एक्ट, मिशन शक्ति अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर तथा आपातकालीन सेवाएं,महिला हेल्प लाईन नम्बर 181, चाईल्ड लाईन 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उक्त जागरूकता अभियान में महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, सरिता जांगड़े जेण्डर विशेषज्ञ, शहनवाज खान सामाजिक कार्यकर्ता, आउटरीच वर्कर भागीरथी सिदार उपस्थित रहे।

# समर्थन संस्था द्वारा परसाही में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

समर्थन संस्था ने उपस्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ग्राम पंचायत और ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति, पाटन ब्लॉक के पांच गांवों में, यह पहल एलआईसी-एचएफएल द्वारा समर्थित हृदय परियोजना का हिस्सा है। इसी प्रयास को जारी रखते हुए महिमा हॉस्पिटल उतई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी एवं ग्राम पंचायत परसाही के सहयोग से ग्राम पंचायत परसाही में समर्थन संस्था द्वारा एलआईसी-एचएफएल हृदय परियोजना के अंतर्गत महिमा हॉस्पिटल से डॉ. बिपुल कुमार गुप्ता के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां शिविर में एनसीडी



स्क्रीनिंग (शुगर, बीपी की जांच), मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त, पीलिया, पेट दर्द, सीना में दर्द, घुटनो में दर्द, जोड़ो में दर्द, कमर दर्द, बीपी, शुगर, कमजोरी, आंखों की सामान्य समस्यायों, थायराइड और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के मरीजों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। जहा स्वास्थ्य शिविर में कुल 63 मरीजों शामिल हुए। स्वास्थ्य कैंप में आए हुए मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण कर ईलाज के लिए उचित परामर्श और आवश्यक दवाएँ प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम डॉ. विपुल कुमार गुप्ता (बीएएमएस, जनरल प्रैक्टिसनर), ललित कुमार साहू (स्टाफनर्स), मितानिन देवला ठाकुर समर्थन कार्यकर्ता तोकेश्वर साहू (बीएससी नर्सिंग, एमपीएच), दिनेश, भूमी साहू, कविता सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी में लगाया गया दिव्यांगता जांच शिविर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सिवनी (नैला) के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा स्वस्थ जांजगीर चांपा अंतर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए दिव्यांगता शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए है। शिविर में हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं पात्रतानुसार प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ यूडीआईडी पंजीयन किया गया है। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूक बधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया।

# सत्तर प्लस आयु वालों का आयुष्मान कार्ड बनाने चलायें डोर-टू-डोर अभियान : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। साथ ही विभागीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में सत्तर प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विकासखण्ड वार एवं नगरीय निकायवार अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में 2.5 लाख आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जिसमें 87 हजार सत्तर प्लस आयु वर्ग के लोग शामिल है। उन्होंने अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सत्तर प्लस आयु वर्ग के लोग शिविर में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, ऐसे लोगों का आयुष्मान कार्ड डोर-टू-डोर अभियान चलाकर बनाया जाए। उन्होंने अभियान के दौरान मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से हटाने एवं पेंशन आदि से भी विलोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत नॉन डीबीटी हितग्राहियों की जांच करने और आधार अपडेशन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ कराने और स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्मित कार्यों का टीम बनाकर जांच कराने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज

## जिले के 44 स्वास्थ्य केंद्रों में बनाया जा रहा है आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 5 लाख तक निःशुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। जिले के 44 स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप योजना के तहत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिया जाना है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जायेगा। जिसमें आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात् राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील किया गया है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड नजदीकी




स्वास्थ्य केंद्र में बनवा लेवें। कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड साथ लेकर आवें। आयुष्मान वयं वंदना कार्ड बनाने के लिए जिले के 11 चिकित्सालयों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें जिला चिकित्सालय जशपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैकु, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आस्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कस्तुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बगिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दोकड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तपकरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तमता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सन्ना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलेसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पडरापाठ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोलेंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनक्यारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरायणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बटाईकेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगोरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरसई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुड़ेग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरंगपानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किलकिला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुर्रोग, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झिक्की, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चम्पा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलिया शामिल हैं।

# समितियों में बफर लिमिट से दोगुना धान... खरीदी के 9 दिन बीते अब तक एक दाना नहीं उठाया गया, दावा - आज से शुरु होगा परिवहन

## ट्रांसपोर्टरों से परिवहन का अनुबंध पूरा, बुधवार देर रात तक काटे गए टीओ

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान की बंपर आवक से संग्रहण का कोटा करीब करीब पूरा हो गया है। उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। बफर लिमिट के आसपास तक खरीदी होने की स्थिति में प्रबंधक अब चिंतित हो गए हैं। खरीदी बंद होने से किसान आक्रोशित हो सकते हैं। इस बार कुल 55 दिनों का वक्त धान खरीदी के लिए मिला है। समिति प्रबंधक विपणन विभाग को खत लिखकर स्थितियों से अवगत करा चुके हैं। समितियां जल्द परिवहन शुरु करने की मांग कर रही है।

इस समस्या से निपटने मार्कफेड ने आनन-फानन में ट्रांसपोर्टरों से अनुबंध किया है। विपणन विभाग में बुधवार की देर रात तक ट्रांसपोर्ट ऑर्डर (टीओ) काटने का सिलसिला जारी रहा। ट्रांसपोर्टरों को सभी दिशाओं से पूरे बल के साथ परिवहन के लिए कहा गया है। ये धान जिले के अलग-अलग संग्रहण केंद्रों तक ले जाया जाएगा।

राइस मिलर्स के मिलिंग से इंकार किए जाने के बाद इस बार धान खरीदी शुरु होने के 9 दिनों बाद भी परिवहन नहीं शुरु हो सका है। इसके बाद मार्कफेड ने ट्रांसपोर्टरों का रुख किया है। गुरुवार की सुबह से उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव शुरु होने का दावा किया जा रहा है। पिछले सत्र में धान खरीदी में परिवहनकर्ताओं को शामिल नहीं किया गया था। इससे उन्हें काफी नुकसान भी हुआ। इस बार ऐसी परिस्थितियां बनी की सरकार को गोदामों तक परिवहन का रास्ता चुनना पड़ा है। 38,168 किसानों से 19,04,714.8 क्विंटल धान खरीदा गया है। धान खरीदी में अविभाजित राजनांदगांव का आंकड़ा 4 अरब पार कर गया है। अब तक खरीदे गए धान की कीमत 43, 979.08 लाख है। अब तक किसानों से करोड़ों की लिंकिंग राशि वसूली जा चुकी है। गौरतलब है कि राजनांदगांव जिले में ही 1 लाख 32 हजार 729 पंजीकृत किसानों से 77 लाख 37 हजार 570 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 16 हजार 378 पंजीकृत किसानों से 780636.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।



### बफर लिमिट से दोगुना धान, समिति पशोपेश में

छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत साल्हेटोला सोसाइटी में धान खरीदी केंद्र में खरीदी बंद होने की कगार में है।समिति में अब तक 12,840 क्विंटल धान खरीद कर ली गई है। जबकि यहां की बफर लिमिट 7200 क्विंटल हैं। समिति अध्यक्ष गजेंद्र पाल और प्रबंधक दूधनाथ मंडावी ने बताया कि समिति के बगल में खाली जगह है। उसे पटाव करवाने के लिए कई बार शासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन शासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। सोसाइटी में धान खरीदी के लिए जगह की कमी है जिसकी वजह से धान की खरीदी बंद होने के कगार में है।

# भाजपा के बूथ स्तरीय चुनाव प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के तहत प्राथमिक सदस्यता अभियान सक्रिय सदस्यता अभियान अब लगभग पूर्णता की ओर है पार्टी अब अगले चरण संगठन चुनाव की दिशा में आगे बढ़ रही है, इस कड़ी में सबसे पहले मतदान केन्द्रों की स्थानीय समिति के चुनाव होगा जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष व राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के चुनाव अधिकारी सावन वर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में 25 सदस्यीय समिति का चुनाव किया जाएगा जिसमें एक बूथ अध्यक्ष, एक बूथ मंत्री, मन की बात का प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख एवं व्हाट्सएप प्रमुख तथा बी.एल. 2 व मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची के हिसाब से प्रत्येक पन्ने एक-एक प्रमुख बनाया जाएगा।

वर्मा ने आगे बताया कि बूथ स्तरीय चुनाव प्रारंभ हो गया है तथा राजनांदगांव ग्रामीण मंडल में कुल 100 मतदान केंद्र है जिनमें चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इन चुनाव में मंडल चुनाव प्रभारी के अलावा शक्ति केंद्र स्तर पर चुनाव कराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ताओं को भी दी गई है जिन्हें 30 नवंबर तक मतदान केन्द्रों के चुनाव संपन्न कराने को कहा गया है।

# विद्युत विभाग ने काटे 116 कनेक्शन, 10 लाख की वसूली

■ विभाग के सख्त वसूली अभियान से बकायादारों में हड़कंप

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत विद्युत बिल बकायादारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत विभाग ने संभाग के वितरण केन्द्रों के माध्यम से विशेष अभियान चलाते हुए 116 उपभोक्ताओं की विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया। वहीं 286 उपभोक्ताओं के विरूद्ध दस लाख रूपये वसूली भी की है।

संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि पर बिल भुगतान हेतु बिल वितरण कराया जाता है। इसके बावजूद भी बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर सूचना के बाद भी बिल भुगतान नहीं करने पर लाईन काटने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं संभाग के उपभोक्ताओं को लाईन विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए बिजली बिलों का भुगतान समय पर करने हिदायत भी दी जा रही है। डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत ग्रामों में औद्योगिक, व्यवसायिक एवं अन्य प्रयोजनों के विरूद्ध बिजली बिल बकाया वसूली करने हेतु वितरण केन्द्र स्तर पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की विशेष टीम गठित की गई है। अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा रहे मीटर वाचन के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है।

**मोर बिजली ऐप से भुगतान की अपील :** विद्युत विभाग से उपभोक्ता को जोडने के लिए मोबाईल में मोर बिजली एप की सुविधा भी दी जा रही है, जिसमें उपभोक्ताओं को अपने उपभोक्ता क्रमांक से बिजली बिल सहित विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ मिल जाती है, जिसके माध्यम से बिल भुगतान भी किया जा सकता है। उक्त मोर बिजली एप में विगत दो वर्षों के विद्युत खपत से लेकर भुगतान की जानकारी कभी भी देखी जा सकती है।



# कोचियों के ठिकाने तक पहुंचाया जा रहा था धान, जब्त

■ 290 कट्टा के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खाद्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम दामाबंजारी के पास महाराष्ट्र राज्य से लाये जा रहे 2 वाहनों में लोड 290 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा रात्रि 3 बजे अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्र ग्राम दामाबंजारी के पास अवैध धान परिवहन करने पर जप्ती की कार्रवाई की। जप्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है। जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने के लिए ग्राम गैंदाटोला और पथराटोला के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।



# संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

देश का संविधान बने 75 वर्ष हो चुके हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती से संविधान दिवस की शुरुआत हुई। जनकल्याण सामाजिक संस्थान के द्वारा जिले के ग्राम गठुला में महिलाओं के साथ मिलकर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने संविधान दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि संविधान दिवस भारत में हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है ।यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है जो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था । संविधान दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था । जब भारत सरकार ने इस दिन को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। संस्था के जिला स्रोत समन्वय जितेंद्र कुमार जंघेल के द्वारा बताया कि संस्था के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में संस्था के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्राम दपका, बरगा, इराईकला,नर्मदा इत्यादि ग्राम शामिल हैं कार्यक्रम में लिंक वर्कर ललीता भीमकर आगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजना मेश्राम, किरण साहू, मीरा साहू, मितानिन सोनिया साहू,धनेश्वरी साहू, माया, सावित्री एएनएम किरण चौबे आरएचओ सेवक जंघेल उपस्थित थे।



## फर्जी हाजिरी भरने और कलेक्शन अमाउंट में अनियमितता का मामला

# एसएलआरएम सेंटर में गड़बड़ी पर प्रशासन ने मांगी रिपोर्ट, भाजपा से जुड़े हैं ठेकेदार

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एसएलआरएम सेंटर में फर्जी हाजिरी और कई गड़बड़ियां कर आर्थिक अपराध के मामले में जिला प्रशासन ने आयुक्त से रिपोर्ट मांग ली है। पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी। कलेक्टर के अवकाश में होने के दौरान डिप्टी कलेक्टर ने इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया है। निगम आयुक्त से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है।

इससे पहले मामला सामने आने के बाद ही आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जिम्मेदार समिति से जवाब मांगा था। इस पर समिति की ओर से आए जवाब में गड़बड़ी की पुष्टि भी हुई थी। लेकिन इसके आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई।

खुले आरोप लगते हैं कि, समितियों की आड़ में भाजपा नेत्री एसएलआरएम सेंटर का ठेका चला रहीं हैं। उन पर दबंगई के भी आरोप हैं। कुछ ही समय पहले रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर की कर्मचारी महिलाओं ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। यह भी बताया जाता है कि, इससे पहले एसएलआरएम सेंटर संभालने वाले जिस व्यक्ति का विरोध किया जाता था। उसे ही इस बार भी सारा काम संभालने की जिम्मेदारी दी गई है।

कुल मिलाकर एसएलआरएम सेंटर में गड़बड़ियों का पूरा मामला भाजपा से जुड़ता जा रहा है। इस पूरे विषय पर किसी ने कोई सफाई नहीं दी है। इधर, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एसएलआरएम सेंटर की संचालक एजेंसियों का दायरा समेटने की जुगत में हैं। निगम प्रशासन इससे जुड़े कई कामों की जिम्मेदारी खुद लेने की तैयारी कर रहा है ताकि ठेकेदारों के पर कतरें जा सकें।



> कार्य की प्रक्रिया में कुछ आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं। पारदर्शिता बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि भविष्य में किसी तरह की शिकायतें सामने न आएं।
>
> **-अतुल विश्वकर्मा,**
> आयुक्त, नगर निगम

## क्वीक न्यूज

### 30 को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजनांदगांव।** नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार 30 नवंबर को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 4:00 तक जामा मस्जिद, बसंतपुर के बाड़े में किया जाएगा। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत जामा मस्जिद, लायंस क्लब, राजनन्दगाँव सिटी एवं उदयाचल के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षणः दंत रोग, नेत्र जांच, बीपी, शुगर, हृदय रोग तथा नाक, कान, गला रोग निदान हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किए जाने की तैयारियां हैं। बीएम शाह हॉस्पिटल, भिलाई के डॉ. गौरव जैन और डॉ मिथिलेश शर्मा, ईएनटी, स्पेशलिस्ट एवं नेक सर्जन अपनी सेवाएं प्रदान करेंगें। जामा मस्जिद के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने समस्त आमजन से अपील की है कि इस जाँच शिविर का अवश्य लाभ उठायें।

### जनपद पंचायत छुरिया में 29 को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत छुरिया में 29 नवम्बर 2024 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजोरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद तथा टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट असिस्टेंट के 200 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ जिले में

**राजनांदगांव।** अग्निवीर थलसेना भर्ती की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ जिले में आयोजित की जाएगी। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजोरिया ने बताया कि सेना भर्ती रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार राजनांदगांव जिले के अग्निवीर थलसेना भर्ती की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 एवं 11 दिसम्बर 2024 को रायगढ़ जिले में होगी। इस संबंध में आवेदकों के ई-मेल पर सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्रवेश पत्र प्रेषित कर दिया गया है। शारीरिक दक्षता में शामिल होने वाले पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक अर्हता के मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने कहा गया है। इस संबंध में अन्य जानकारी एवं समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212, 0771-2965213 पर संपर्क कर सकते है।

### नि:शुल्क मॉडल परीक्षा का आयोजन 30 को

**राजनांदगांव।** शहर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था प्राइड एकेडमी द्वारा आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को देखते हुए दो दिवसीय नि:शुल्क मॉडल परीक्षा आयोजित की जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों की बेहतर तैयारी हो सके और ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उक्त प्रवेश परीक्षा में हो सके, जिसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि के पूर्व जल्द से जल्द पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन करने के लिए 6264556190 से दूरभाष क्रमांक पर संपर्क किया जा सकता है। पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों के आने-जाने के लिए नि:शुल्क बस की सुविधा भी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही है।

# ग्रीन एनर्जी के लिए एनटीपीसी व छत्तीसगढ़ राज्य बिजली उत्पादन कंपनी में करार

■ मुख्यमंत्री साय ने इसे नए युग की शुरूआत बताया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य बिजली उत्पादन कंपनी तथा एन.टी.पी.सी. की सहायक कंपनी मेसर्स एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के बीच एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया जिसके अनुसार ये दोनों कंपनियां मिलकर एक संयुक्त उपक्रम कंपनी बनाएंगी। संयुक्त उपक्रम कंपनी के माध्यम से राज्य में लगभग 2 गीगावॉट (2 हजार मेगावॉट) क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास का काम करेंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस करार को छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत बताया। प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा कि हम नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से काम करते हुए एक नया इतिहास रचेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड तथा नेशनल थर्मल पॉवर कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मेसर्स एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एन.जी.ई.एल.) के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार तथा एन.टी.पी.सी. के रीजनल एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पी.के. मिश्रा की उपस्थिति में एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन में एन.जी.ई.एल. की ओर से महाप्रबंधक (अभियांत्रिकी) धीरेंद्र जोशी और सी.एस.पी.जी.सी.एल. की ओर से मुख्य अभियंता (कार्पोरेट प्लानिंग एण्ड बिजनेस डेवलेपमेंट) गिरीश गुप्ता द्वारा हस्ताक्षर किया गया। ज्वाइंट वेंचर कंपनी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का संपादन किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन, राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा दायित्वों (आर.जी.ओ.) के पालन में सहायक सिद्ध होगा तथा जिसके द्वारा हरित ऊर्जा स्त्रोतों से ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस करार से राज्य में हरित ऊर्जा स्त्रोतों से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन होगा, जिससे कि राज्य की भावी विद्युत आवश्यकताओं के साथ ही राज्य के समग्र विकास और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के ई.डी. सी.एल. नेताम, एम.आर. बागड़े, संदीप मोदी, मुख्य अभियंतागण जे.एस. बोंडे, रजनीश जांगड़े, एम.एस. कंवर, रोहित डहरवाल, संजय शुक्ला, मनीष गुप्ता, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र, विभागीय अभियंता अतनु मुखोपाध्याय, आशुतोष शुक्ला, नीरज वर्मा सहित एन.टी.पी.सी. के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# न्युवोको विस्टास ने न्युवो सेतु ऐप लॉन्च किया : ग्राहकों पर केंद्रित इनोवेशन में एक नई डिजिटल शुरूआत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने अपने सीमेंट और एमबीएम (मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स) ग्राहकों के लिए अपने नई इनोवेटिव न्युवो सेतु ऐप को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इस ऐप को खास तौर पर ग्राहकों को पूरी तरह से नया अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारे प्रतिष्ठित डीलरों की उपस्थिति में ग्वालियर में पहला पायलट लॉन्च किया गया। नई ऐप का लॉन्च इवेंट एक शानदार सफलता थी, जिसमें ग्राहकों ने ऐप के माध्यम से लाइव ऑर्डर दिए। न्युवो सेतु ऐप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफ ॉर्म पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, जो सभी डिवाइस पर यूज़र्स के लिए सुविधाजनक और आसान एक्सेस सुनिश्चित करता है। न्युवो सेतु ऐप को सभी ऑपरेशंस को बेहतर ढंग से सुव्यवस्थित करके और सुविधा को बढ़ाकर ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। ग्राहक इस नई ऐप के माध्यम से आसानी से ऑर्डर दे सकते हैं, रियल टाइम में ऑर्डर की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और एप्लिकेशन और लाभों सहित विस्तृत उत्पाद जानकारी तक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐप में एक व्यापक क्रेडिट मैनेजमेंट सिस्टम है, जो यूज़र्स को बकाया शेष राशि देखने और पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद सटीक वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने न्युवो सेतु ऐप को लॉन्च करने के मौके पर कहा कि हम अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफ ॉर्म न्युवो सेतु ऐप पेश करते हुए उत्साहित हैं। यह ऐप सटीकता, स्पीड और शानदार अनुभव के साथ सर्विसेज प्रदान करके ग्राहक-केंद्रित समाधानों में नए मानक स्थापित करके ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता को सामने लाता है। न्युवो सेतु ऐप जल्द ही पूरे भारत में शुरू किया जाएगा, जिससे पूरे भारत में ग्राहक इसकी इनोवेटिव सुविधाओं और क्षमताओं का अनुभव कर सकेंगे। न्युवो सेतु ऐप न्युवोको के प्रोजेक्ट डेन (डिजिटली इनेबल्ड न्युवोको) एजेंडे में एक महत्वपूर्ण एडीशन है, जिसे ऑटोमेशन और स्टैंडर्डआईजेशन के माध्यम से कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ऐप न्युवोको के डिजिटल टूल्स के लगातार बढ़ रहे पोर्टफ ोलियो का पूरक है, जिसमें न्युवो निर्माण भी शामिल है। एक ऐप जो घर निर्माण और निर्माण के विभिन्न चरणों के माध्यम से ग्राहकों का मार्गदर्शन करता है, न्यूटेप-डिजिटल खर्च मैनेजमेंट सॉल्यूशन और एसएपी अरीबा पोर्टल आपूर्तिकर्ताओं के लिए निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी अनुबंध सुनिश्चित करता है, जिससे कंपनी की डिजिटल परिवर्तन के सफर को और मजबूती मिलती है।

# शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में हुआ संविधान दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरू महाविद्यालय बगीचा में राष्ट्र सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र जशपुर के विशेष नेतृत्व में संविधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमे सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के पश्चात संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा के द्वारा छात्र- छात्रओं को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं संविधान निर्माण के दौरान संघर्ष की कहानी के विषय में विस्तृत जानकारियां दी गई,जिसमे भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था, संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर को लोग निम्न स्तर वर्ग के कारण छुआछूत की भावना से देखते थे समस्त जानकारियां

# बीआरसी जैजैपुर में आईईसी की कार्यशाला आयोजित किया

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड जैजैपुर में आई.ई.सी. (इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव) द्वारा बी.आर.सी. कार्यालय जैजैपुर के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान, प्रशिक्षण परिषद एवं इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव के मध्य एक अनुबंध किया गया है। जिसमें जिला सक्ती में दक्षता आधारित शिक्षा के लिए सहयोग करना है। नई शिक्षा नीति लागू होते ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु तरह तरह की कार्यात्मक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव (एन.जी.ओ. ग्रुप) के माध्यम से विकासखण्ड जैजैपुर में शिक्षा गुणवत्ता सुधार एवं सरलतम कार्यविधि हेतु विकासखण्ड जैजैपुर के बी.आर.सी. कार्यालय के सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें इस विकासखण्ड के सभी 41 संकुलों से संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे। आई.ई.सी. के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्राजेक्टर के माध्यम से प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर शिक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के सहयोग से विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला के आयोजन से संकुल शैक्षिक समन्वयकों को प्रशिक्षित करते हुए शिक्षकों के अध्यापन शैली में कुशलता लाने एवं बच्चों को अध्ययन में रुचि दिलाने, पालकों को बच्चों एवं विद्यालयीन गतिविधि में शामिल कराने की तकनीक का जानकारी प्रदान किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा संकुल स्तर पर शालाओं में आ रही समस्याओं का निदान कर सुगमता पूर्वक निर्वहन कर शाला परिसर में बच्चों हेतु अच्छे वातावरण निर्माण हेतु कार्यशाला का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# विधायक संदीप ने वटगन धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर कलेक्टर को बारदाने की समस्या से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल के विधायक संदीप साहू ने पलारी विकासखंड के ग्राम वटगन के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कांग्रेस नेताओं के साथ किया। क्षेत्र के किसान लगातार बारदाने की समस्या को लेकर विधायक संदीप साहू को फोन कर रहे थे। विधायक संदीप साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सोसाइटी में जाकर किसानों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को जाना। वटगन धान खरीदी केंद्र में किसानों ने बारदाने की समस्या से अवगत कराया।इसी तरह कई गाँवों के किसानों ने बारदाना की कमी होना बताया जिससे धान बेचने में दिक्क त होने की जानकारी दी। विधायक ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर कसडोल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और किसानों को धान खरीदी में होने वाली समस्याओं के निराकरण को लेकर सार्थक चर्चा की। कई सहकारी समितियां में बारदाने ने की कमी है जिसके चलते 50% बारदाना किसानों को लाने का आदेश जारी किया गया है। इस दौरान विधायक ने कलेक्टर से किसानों को धान बेचने में हो रही समस्या को लेकर जानकारी दी उन्होंने सबसे ज्यादा बारदाना को लेकर हो रही समस्या को लेकर प्रशासन से बात की जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि मिलर से बात हो गई है।

# श्रीराम फाइनेंस ने दिग्गज राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर शुरू किया प्रेरक कैंपेन 'टुगेदर, वी सोअर'

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं मे से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने 'टुगेदर, वी सोअर' शिर्षित, एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। कई भारतीय 'तो क्या' के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है। संदेश स्पष्ट है, 'टुगेदर, वी सोअर' अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मज़बूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दर्शाते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अभियान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी एड फिल्म 'हर इंडियन के साथः जुड़ेंगे, उड़ेंगे' के संस्करण में अपनी आवाज़ दी है। 50 से अधिक वर्षों तक फिल्मों में अभिनय और निर्देशन करने वाले, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार विजेता को भारतीय सिनेमा में उनके विशेष योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। श्रीराम फाइनेंस के संदेश के लिए उनकी शक्तिशाली आवाज़, सार्थक साझेदारी के माध्यम से व्यक्तियों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के समर्पण पर ज़ोर देती है। इस अभियान में तेलुगू संस्करण के लिए अकादमी पुरस्कार विजेता के. एस. चंद्रबोस द्वारा बोल लिखे गए है और तमिल संस्करण के लिए प्रशंसित गीतकार मधन कर्की द्वारा बोल लिखे गए हैं।

# मोहल्ले में किताब कुटिया विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा संचालन किया गया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने डूमर तालाब से संलग्न बस्तीयों में किताब कुटिया का संचालन किया। किताब कुटिया में बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग और महिलाओं ने भी पुस्तक पढ़ने का आनंद लिया। किताब कुटिया में बच्चों, युवा, बुजुर्गों के साथ महिलाओं के लिए भी किताबें हैं। बच्चों ने कॉमिक्स बुक जैसे लोटपोट, चंपक, नंदन, बाल-भूमि सहित महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों की जीवनी की किताबें पढ़ना पसंद किया। बुजुर्गों ने अखंड ज्योति, रामचरितमानस जैसे आध्यात्मिक पत्रिकाएं पढ़ने में तल्लीन रहे। महिलाओं ने गृह सभा, सहेली के साथ प्रेरक प्रसंग और आत्मा विकास पत्रिकाओं में रुचि दिखवाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने किताबों से दोस्ती करने का संदेश देते हुए कहा कि किताबें पढ़ना मनुष्य होने की निशानी है। किताबें पढ़ने से दुनिया की जानकारी के साथ-साथ अनुभव प्राप्त होता है। विप्र महाविद्यालय सदैव सामाजिक सरोकार के अंतर्गत वर्षों से नवंबर माह में नवाचार किताब कुटिया का संचालन करती रही है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सैमसंग टीवी प्लस ने सैमसंग स्मार्ट टीवी पर वायाकॉम 18 के चार नये 'फास्ट' चैनल लॉन्च करने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




सैमसंग टीवी प्लस, भारत में ब्रैंड की फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी (फास्ट) सर्विस, ने चार नये फास्ट चैनल्स लॉन्च करने के लिए वायाकॉम18 के साथ साझेदारी की है। सैमसंग टीवी प्लस पर वायाकॉम18 के सुपरहिट बीट्स, कानफोड़ म्यूजिक, फुल्ली फालतू और कलर्स इनफिनिटी लाइट चैनलों को लॉन्च किया जाएगा। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी में पहले से इंस्टॉल है। यह चुनिंदा देशों में चैनलों न्यूज, स्पोर्ट्स, एंटरटेनमेन्ट, आदि विभिन्न चैनलों की पेशकश करता है। भारत में, सैमसंग टीवी प्लस दर्शकों के लिये 100 से ज्यादा लाइव टीवी चैनलों, हजारों फिल्मों तथा शोज भी लेकर आया है। यह लाइव और ऑन-डिमांड, दोनों होते हैं। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया में पार्टनरशिप्स के हेड कुणाल मेहता ने कहा, ''हम सैमसंग टीवी प्लस प्लेटफॉर्म पर पार्टनर के तौर पर वायाकॉम18 का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। हम भारत में अपने दर्शकों के लिये विभिन्न तरह के कंटेन्ट के विकल्प लाने के लिये प्रतिबद्ध हैं, जो उनकी पसंद और कंटेंट देखने की आदत से मेल खाते हैं। इन नए चैनलों की मदद से, सैमसंग टीवी प्लस पर ना केवल मनोरंजन के विकल्प बढ़ेंगे बल्कि इससे अपने दर्शकों को शानदार वैरायटी और वैल्यू प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखेगा। वायाकॉम18 का जबर्दस्त कंटेन्ट दर्शकों को मनोरंजन का एक बेजोड़ अनुभव देगा। सुपरहिट बीट्स संगीत के शौकीनों का सबसे बढ़िया ठिकाना बनेगा, जहां पर नये-नये हिट्स और सदाबहार नगमे सुन सकते हैं। कानफोड़ म्यूजिक संगीत के धमाकेदार संगम की पेशकश करेगा, जो तरह-तरह के दर्शकों को पसंद आएगा। फुल्ली फालतू अपने अलग और ताजगी से भरपूर कंटेन्ट से युवाओं को लुभाना चाहता है, जबकि कलर्स इनफिनिटी लाइट अंग्रेजी में शानदार मनोरंजन लेकर आएगा और इसमें टॉप इंटरनेशनल शोज़ तथा फिल्में होंगी। वायाकॉम18 में यूथ, म्यूजिक और इंग्लिश एंटरटेनमेन्ट क्लस्टर के बिजनेस हेड अंशुल ऐलावाडी ने कहा, ''सैमसंग टीवी प्लस के साथ यह गठबंधन वायाकॉम18 की एक साहसिक पहल है, जिससे हम नए तरीकेसे लोगों का मनोरंजन करने में सक्षम होंगे।

# एएससीआई की अर्ध-वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2024-25 में रियल एस्टेट और ऑफशोर बेटिंग विज्ञापनों का बोलबाला रहा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ऐड्वर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपनी अर्ध-वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2024-25 जारी की है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि रियल एस्टेट और ऑफशोर बेटिंग के क्षेत्र में भ्रामक और अवैध विज्ञापनों की महत्वपूर्ण मौजूदगी है। एएससीआई ने अप्रैल और सितंबर 2024 के बीच 4016 शिकायतों की समीक्षा और 3031 विज्ञापनों की जाँच की। इन समीक्षित विज्ञापनों में से 98% विज्ञापनों में कुछ संशोधन की आवश्यकता पाई गई। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एएससीआई की निरंतर निगरानी में कुल विज्ञापनों के 93%, यानी 2830 विज्ञापनों पर कार्रवाई की गई। जिन विज्ञापनों की जाँच की गई, उनमें से 2087 विज्ञापनों में कानून का उल्लंघन पाया गया, जिनमें से 1027 विज्ञापनों के बारे में एएससीआई और महारेरा के संपन्न समझौता ज्ञापन के तहत महाराष्ट्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (महारेरा) को रिपोर्ट किया गया। अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले 890 विज्ञापनों की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) को दी गई। वहीं, 156 विज्ञापनों को ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (डीएमआर) एक्ट के उल्लंघन के कारण आयुष मंत्रालय को भेजा गया, शराब को सीधे बढ़ावा देने वाले 10 विज्ञापनों और डीपफेक से संबंधित चार अन्य विज्ञापनों को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पास भेजा गया। औपचारिक रूप से जाँचे गए मामलों में बाकी बचे 944 विज्ञापनों में से 53% पर विज्ञापनकर्ताओं द्वारा ईएससीआई से शिकायत की सूचना मिलने पद कोई प्रतिवाद नहीं किया गया। संहिता के सबसे अधिक उल्लंघन वाले शीर्ष के पाँच वर्ग रियल्टी (34%), अवैध सट्टेबाजी (29%), स्वास्थ्य देखभाल (8%), निजी देखभाल (7%) और खाद्य एवं पेय (6%) हैं।

## सीएम के वादा के अनुरूप किसानों से खरीदी हो रही धान : गणेश यादव

# जिले में अब तक 23914.80 क्विंटल हुई धान की खरीदी, केन्द्रों में व्यवस्था से किसानों में खुशी का माहौल





पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में निरंतर जारी है और अब जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक लगातार बढ़ने लगी है। जिले में अब तक 23914.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। कुनकुरी विकासखण्ड के सेन्द्रीमुण्डा निवासी कृषक गणेश यादव अपना धान बेचने धान उपार्जन केन्द्र नारायणपुर पहुचे। उन्होंने बताया कि नारायणपुर मंडी में व्यवस्था बहुत अच्छा है इससे देख कर मुझे खुशी हुई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ शासन ने वादा किया था उसी प्रकार धान खरीदी हो रही है और आज खरीदी केन्द्र में मुझे स्वागत कर मिठाई खिलाकर धान बेचने में सहयोग किया गया। किसान यादव ने केन्द्र में सुन्दर व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया है। इसी प्रकार गम्हरिया धान मंडी में अपना धान बेचने हर साल आने वाले जुरतेला के किसान ने मंडी पहुचकर अपना धान बेचा। उन्होंने कहा कि वे विगत कई वर्षो से गम्हरिया जशपुर मंडी में अपना धान बेचने आते हैं और इस वर्ष विष्णुदेव साय के सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए वादा के अनुरूप किसानों से धान खरीदी कर रहे हैं। इससे सभी किसान खुश हैं, किसी भी किसानों को कोई परेशानी नही है। इसके लिए उन्होंने विषणुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

# संयुक्त संचालक शिक्षा लेंगे जशपुर जिले के शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक




पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग हेमन्त उपाध्याय की अध्यक्षता में शुक्रवार को मनोरा विकासखंड के ज्योति कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाघरा में समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सर्व प्राचार्य शासकीय, हायर सेकेण्डरी तथा कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अधीक्षिकाओं की जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है। इस बैठक में उपस्थित होने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने 29/11/24 को दोपहर 1: 00 बजे ज्योति कन्या उ.मां.वि.घाघरा विकास खंड मनोरा में डीएमसी, बीईओ, एबीईओ, बीआरसी एवं सभी हाई/ हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य निर्धारित समय एवं स्थान पर बैठक में अनिवार्यतः उपस्थित होने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बैठक में बोर्ड परीक्षा में 100त्न परीक्षा परिणाम एवं परख परीक्षा की तैयारी के साथ ही मॉनिटरिंग सिस्टम तथा विद्यालय प्रबंधन पर भी समीक्षा की किया जाएगा एवं समय का विशेष ध्यान रखें निश्चित समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा है कि उनके अलावा कोई भी प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे।

# संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी की झलकियां...


मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका का आगमन


राष्ट्रगान


दीप प्रज्वलन


संगोष्ठी में शामिल अतिथिगण


संगोष्ठी में शामिल अतिथिगण


राज्यपाल श्री रमेन डेका का स्वागत करते हुए डायरेक्टर तेजस नायक


उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव का स्वागत करते हुए एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक


संगठन महामंत्री श्री पवन साय, संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री लक्ष्मीनारायण भाला एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव


संगठन महामंत्री श्री पवन साय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए एसबीआईएमएस की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक


संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री लक्ष्मीनारायण भाला, श्री बालाजी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बिरेन्द्र पटेल एवं पायनियर के संपादक श्री ए.एन. द्विवेदी


उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव का स्वागत करते हुए डायरेक्टर सीए नितिन पटेल


पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए सीईओ हिमांशु साहू


चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक का स्वागत करते हुए पायनियर के संपादक श्री ए.एन. द्विवेदी


मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक का स्वागत करते हुए एसबीआईएमएस की डीन देवश्री सरकार


राज्यपाल श्री रमेन डेका को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक


उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ग्रुप के प्रेरणास्रोत श्री आर.के. नायक


वरिष्ठ पत्रकार रवि भोई एवं अतिथिगण


वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. दीपक जायसवाल


राज्यपाल श्री रमेन डेका से चर्चा करते हुए एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक


उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव से चर्चा करते हुए डॉ. देवेन्द्र नायक


संगठन महामंत्री श्री पवन साय से चर्चा करते हुए डॉ. देवेन्द्र नायक

सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403